हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025



## खबर संक्षेप



### तुलसी के बच्चों न्योता भोज में खीर-पूरी बांटी

**मंदिर हसौद।** ग्राम पंचायत तुलसी स्थित हायर सेकंडरी स्कूल, मिडिल स्कूल, प्राथमिक शाला के सभी छात्र एवं छात्रों के लिये नेवता भोज का आयोजन निर्मल महावार के द्वारा किया गया, नेवताभोज में निर्मल महावार व उनकी पत्नि रंजना महावर उपस्थित रहकर बच्चों को नेवता भोज अपने हाथों से परोस कर शुभारंभ किया, जिसमें ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच सुरेश कुमार धीवर उपसरपंच टामेश बघेल पंच लिकेश खेलवार रामेंद्र सेन सुशीला साहू, बसंती घृतलहरे दुलार धीवर राकेश साहू जोरा, कल्लू साहू स्कूल के सभी शिक्षिका, शिक्षक उपस्थित रहे।

### भागवत कथा के समापन में खुशहाली का मांगा वरदान



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम बुंदेलीडीह (सरोरा) मे निषाद परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के अंतिम दिन पं लिखेश्वर महाराज तरपोंगी वाले के कथा श्रवण करने पहुंचे छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपने संबोधन में भागवत कथा श्रवण के महात्म्य को प्रतिपादित करते हुए भगवान राधाकृष्ण से प्रार्थना की कि कथा सुनने वाले सभी श्रोताओं व समस्त मानव समाज पर भगवान की असीम कृपा हो। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, शैलेन्द्र ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित थे।

### पार्षद के दखल से अवैध निर्माण रुका

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के वार्ड क्रमांक 3 स्थित एसएलआरएम सेंटर जो कि नगर पालिका की जमीन है जहां पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था, वार्ड वालों ने इसकी जानकारी नगर पालिका के पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन को दी जहां पर पार्षद रानी सौरभ जैन मौके पर उपस्थित हुई उनके साथ मौके पर पार्षद गण राजकुमार गैंडरे, विनोद नेताम, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष मनोज निषाद, एसएलआरएम सेंटर के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# शरद पूर्णिमा के कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य की सरिता बही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर अग्रवाल समाज आरंग के द्वारा अग्रसेन भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोसल साहित्य कला मंच के कवियों ने अपनी सशक्त लेखनी को स्वर देते हुए श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि हरमन बघेल ने अपनी रचना में हरमन तरल सा बहता हु, कवि जी.आर. टंडन ने भ्रूण हत्या, शिक्षक महेंद्र पटेल ने देवार गीत एवं शिक्षिका तृप्ति शर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर हास्य व्यंग मिश्रित रचनाएं प्रस्तुत की। वही मंच का संचालन कर रहे शिक्षक अरविंद वैष्णव ने अपनी कविता नारी शक्ति तो पुरुष सहन शक्ति से सबका मन मोह लिया एवं मंच अध्यक्ष अनूपनाथ योगी, उपाध्यक्ष हरीश दीवान, शिक्षक होरीलाल पटेल, प्रधान पाठक डार्थी टांडी ने भी कविता पाठ किया।

इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा कवियों का श्रीफल एवं शाल से सम्मान किया गया तथा आभार करते हुवे मंगल मूर्ति अग्रवाल (लाला दाऊ) ने महाराज अग्रसेन को नमन करते हुवे कहा कि विगत कई वर्षों से अग्रवाल परिषद शरद पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास से मनाते आ रहा है एवं हमें इस परंपरा पर गर्व है।

## महिला मंडल ने किया कवियों का अभिनंदन



### ये हुए शामिल

इस अवसर पर श्रोतागण समाज पदाधिकारी गण प्रहलाद नारायण अग्रवाल, डॉ संतोष अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, आशु दाऊ, सुरेश अग्रवाल, रणछोड़ अग्रवाल, शशि कांत अग्रवाल, बांके बिहारी अग्रवाल, विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गिरिजाशंकर अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, दुर्गेश नंदनी अग्रवाल, आभा अग्रवाल, समिता अग्रवाल, गार्गी अग्रवाल, अन्वीता अग्रवाल, पराग अग्रवाल, अनमोल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल आदि एवं बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति रही।

## अभियान

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हुए विविध कार्यक्रम

# सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम में अखबार व पुस्तक वाचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग





बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला खमतराई, प्राथमिक शाला भोथली, पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल खमतराई में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सहायक सामग्री, संकेतक, लर्निंग आउटकम आदि 20 बिंदुओं को लेकर अंकेक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राथमिक शाला खमतराई में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण एवं पालकगण शामिल हुए तथा अंकेक्षण की पांच सदस्य टीम ने विस्तार से प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों के स्तर, उनके इमेजिनेशन, अंग्रेजी एवं गणित में दक्षता के साथ अभिव्यक्ति कौशल, पुस्तकालय का उपयोग, मध्यान भोजन गुणवत्ता, उपस्थिति प्रतिशत, बैगलेस डे की गतिविधि आदि पर फोकस करते हुए अखबार वाचन, पुस्तक वाचन, कहानी वाचन, कविता वाचन एवं सामान्य ज्ञान को जायजा लिया। इस अंकेक्षण में बच्चों में काफी उत्साह एवं रोचकता दिखाई दी तथा इस अवसर पर खमतराई सरपंच सती बाई, उपसरपंच ज्ञानचंद लोधी, पंचगण गोदावरी साहू, जितेंद्र साहू, रामकुमार एवं गुखेरा से पंच रेखराज देवांगन, परशु रात्रे, शिक्षाविद चिंताराम बेलगहे लोकनाथ सोनवानी, संकुल प्राचार्य लायक सिंह डहरिया, संकुल समन्वयक हरीश दीवान, अंकेक्षण टीम लीडर व्याखाता गायत्री होता, प्रधान पाठक अरविंद वैष्णव, सहायक नोहर लाल यादव एवं प्रधान पाठकगण नरसिंह दास मानिकपुरी, लक्षण लहरी, के.के. साहू, शिक्षकगण दिगम्बर बरीहा, भूषण जलक्षत्रि, तारकेश्वर डडसेना, पुनेस्वर साहू, घनश्याम साहू, नीलू देवांगन एवं पालकगण सुनीता साहू, आजू राम साहू, ओमप्रकाश यादव, बलराम साहू, देवचरण साहू, ईश्वर साहू, मानिक राम साहू, दिवाली साहू, कुंती साहू, ठगिया बाई, हेमेंस्वरी साहू, देवकीराम साहू, रतनलाल साहू, कोमन साहू, बिसन लहरी, हीरालाल साहू आदि व मध्यान भोजन महिला स्व सहायता समूह ,सफाई कर्मी आदि की उपस्थिति रही।

## गुल्लू स्कूल में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम हुआ



**आरंग।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ शासन स्कूल शिक्षा विभाग/समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार 8 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुल्लू में विभाग द्वारा नियुक्त अंकेक्षण दल के टीम लीडर सुनील मिश्रा, व्याख्याता, शास.उ.मा. विद्यालय चपरीद की अगुवाई एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव के मुख्य आतिथ्य, प्राचार्य माणिक लाल मिश्रा की उपस्थिति में शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप के आधार पर बिन्दुवार निरीक्षण/अवलोकन/प्रश्नोत्तर के माध्यम से सामाजिक अंकेक्षण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक कुमार यादव एवं अतिथियों ने सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया।तत्पश्चात सभी कक्षाओ मे जाकर छात्र-छात्राओ से प्रश्नोत्तर कर अध्ययन-अध्यापन के गुणवत्ता को परखा साथ ही सभी को मन लगाकर पढ़ाई लिखाई करने व शालेय अनुशासन का पालन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान विद्यालय के विज्ञान प्रयोगशाला,डिजिटल क्लास रूम,पुस्तकालय आदि का अवलोकन किया। विद्यालय के सामाजिक अंकेक्षण नोडल प्रभारी व्याख्याता श्वेता मिश्रा ने इस अंकेक्षण की उपयोगिता व महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना योगदान दिया।

## सामाजिक अंकेक्षण में शिक्षा गुणवत्ता पर जोर



**आरंग।** मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक एवं नवीन प्राथमिक शाला चरौदा में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। जिसमें जन प्रतिनिधिगण, एसएमसी सदस्यों व पालकों ने भाग लेते हुए शिक्षा गुणवत्ता संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा किए।इस अवसर ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा शिक्षा से ही भविष्य के मार्ग खुलते हैं। स्कूल में जो अनुशासन व आदतें सिखाई जाती है वह जीवन भर काम आता है। इसलिए स्कूलों में शिक्षा के साथ-साथ नैतिकता और संस्कार को भी सीखना चाहिए।वहीं एसएमसी अध्यक्ष हेमाराम परमार ने चिर गैरहाजिर रहने वाले बच्चों को समझाइश देते हुए नियमित शाला आने प्रेरित किया।

### आज लखौली में मानस प्रवचन



**आरंग।** विवेकानन्द सेवा समिति एवम विवेकानन्द विद्या मन्दिर लखौली के तत्वाधान में 9 अक्टूबर को विवेकानंद बाल उद्यान में आयोजित श्रीराम चरित मानस प्रवचन को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। प्रसिद्ध प्रवचनकार संत कामता प्रसाद शरण (कुडेरादादर छुरा) शाम 7 बजे से अपनी ओजस्वी वाणी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर प्रवचन देंगे। कार्यक्रम स्थल पर सजावट, लाइटिंग और बैठने की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। आयोजन समिति और ग्रामीणों के सहयोग से पूरे गांव में भक्ति का वातावरण व्याप्त है। आसपास के ग्रामों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 नंबर से शुरू करें

**आरंग।** क्षेत्र के वरिष्ठ किसान नेता पारसनाथ साहू ने कहा है कि प्रदेश में धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से ही की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि हारूना किस्म की धान की कटाई 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो जाएगी, ऐसे में खरीदी में विलंब से किसानों को भंडारण संबंधी भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। साहू ने आगे कहा कि पिछले वर्ष की भांति यदि इस बार भी धान खरीदी में 15 दिन या अधिक की देरी होती है, तो किसान कटाई के बाद तैयार फसल को खुले में रखने को मजबूर होंगे।

## चाकू दिखा की मारपीट, दो युवक गिरफ्तार



**तिल्दा नेवरा।** प्रार्थी राकेश कुमार साहू निवासी छपोरा ने नेवरा थाना में शिकायत दर्ज कर बताया था कि ग्राम देवरी में दशहरा का कार्यक्रम देखने के लिये अपने साथियो के साथ गया हुआ था जहां पर रात्रि करीबन 07.30 बजे ग्राम देवरी के स्वागत गेट के पास ग्राम देवरी के गोपाल वर्मा उम्र 28 वर्ष, सुरेश निषाद उम्र 23 वर्ष, साहिल निषाद उम्र 21 वर्ष,एवं योगेश परमा उम्र 20 वर्ष सभी ग्राम देवरी निवासी द्वारा प्रार्थी को पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का व चाकू से पेट में मारकर चोट पहुॅचाकर भाग गये, जिसकी रिपोर्ट पर अपराध कायम कर आरोपीगण का पता तलाश करते हुये आरोपीगण के मिलने पर उन्हें गिरफ्तार कर धारा 296,115(2),118(1),3(5) बीएनएस के तहत रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## मंदिरहसौद का प्रमुख तालाब कूड़ा-करकट के ढेरों से घिरा और दुर्गंध से लोग हैं बेहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका क्षेत्र मंदिरहसौद का प्रमुख तालाब, जो कभी क्षेत्र की सुंदरता और लोगों के लिए शुद्ध जल का स्रोत माना जाता था, आज बदहाली का प्रतीक बन गया है। तालाब के चारों ओर और भीतर कचरे का अम्बार लगा हुआ है। प्लास्टिक, सड़े-गले खाद्य पदार्थ और घरेलू अपशिष्टों ने तालाब को कूड़े के ढेर में तब्दील कर दिया है।अनेको शहरवासियों का कहना है कि नगर पालिका प्रशासन को कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि तालाब के आसपास दुर्गंध फैल गई है और मच्छरों का प्रकोप दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। बारिश के बाद तो स्थिति और भयावह हो गई है मलेरिया, डेंगू और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

### स्वच्छ भारत मिशन कागजी बना

ग्रामीणों का कहना है कि जहां एक ओर सरकार 'स्वच्छ भारत मिशन' की बड़ी-बड़ी बातें करती है, वहीं दूसरी ओर मंदिरहसौद जैसे कस्बों में स्वच्छता की हालत शर्मनाक है। तालाब की सफाई के नाम पर कागजी खानापूर्ति की जाती है। कोई भी अधिकारी मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति देखने की जहमत नहीं उठाता। इधर ग्रामीण गोविंदा साहू, रेशमलाल सुखनिन बाई ने मीडिया को बताया कि अब तो तालाब में स्नान करना व उतरना तो दूर, भारी बदबू के चलते तालाब के पास खड़ा होना भी मुश्किल है। प्रशासन की यह घोर लापरवाही है कि इतना बड़ा जल निकाय गंदगी का अड्डा बन गया और किसी को परवाह नहीं।लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल तालाब की सफाई कराए, कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाए और आसपास नियमित रूप से फॉगिंग व सफाई की व्यवस्था की जाए। अन्यथा, जल्द ही यह तालाब बीमारियों का स्थायी स्रोत बन जाएगा।

## ट्रैक्टर पार्ट्स चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार, एक फरार



**तिल्दा नेवरा।** प्रार्थी राजकुमार साहू निवासी भुरसुदा ने नेवरा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि किसी अज्ञात चोर के द्वारा उसके ट्रेक्टर के 02 नग केश बिल कीमती 10,000/रूपये तथा ट्राली के पिछला पल्ला कीमती 20,000/रूपये को चोरी कर फरार हो गए तथा गांव के गौरीशंकर उर्फ राजा तथा देवांशु बघेल और उसके साथी को देर रात तक आसपास में घूमते देखा था, साथ ही गांव वालो के द्वारा बताने पर उनके द्वारा चोरी करने की आशंका व्यक्त किया था, रिपोर्ट पर नेवरा पुलिस ने अपराध कायम कर विवेचना पतासाजी में लिया गया।

साथ ही संदेह के आधार पर गौरीशंकर उर्फ राजा बंजारे उम्र 19 वर्ष, तथा उसके साथी देवांशु बघेल उम्र 20 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपने एक अन्य साथी धिराजी रात्रे के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया, जिस पर आरोपियो के कब्जे से चोरी किये सामाग्री को जप्त किया गया तथा आरोपियो को धारा 303(2), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर रिमाण्ड हेतु न्यायालय रवाना किया गया। एवं फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा रमाकांत तिवारी के नेतृत्व में थाना तिल्दा नेवरा के सहायक उप निरीक्षक शंकर लाल वर्मा, पेट्रोलिंग स्टाफ आरक्षक संदीप सिंह, दीपक सेन, किशोर शर्मा के द्वारा अपराध कायमी के महज कुछ ही घण्टे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा. प्र.क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दिनांक 06/10/2025
ग्राम तर्रा, प.ह.नं. 11,
रा.नि.मं. रायपुर -16 सारागांव

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र कुमार वर्मा पिता भागवत प्रसाद वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम तर्रा द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम तर्रा प.ह.नं. 11, रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 584/4 रकबा 0.242 हे. भूमि धारित है। उक्त भूमि में आवेदक द्वारा विक्रेतागण डोमार साहू, बालाराम साहू, नारायण साहू, उमाशंकर साहू सभी पिता स्व. लोकनाथ साहू द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 29/08/2008 को उप पंजीयक कार्यालय के पुस्तक क्र. अ-1 के ग्रंथ क्रमांक 41535 में पृष्ठ 59 से 69 पर विलेख क्रमांक 35524 ग देकर पंजीकृत किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान में आनलाईन दर्शित नही हो रही है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि को अपने नाम पर आनलाईन दर्ज करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/10/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला - रायपुर (छ.ग.)

**IN THE HONOURABLE COURT OF THE M.A.C.T.- CUM- Vth ADDL, DISTRICT JUDGE FOR MAHILA COURT AT VIZIANAGARAM M.O.P. 342/2025,**

**Between:**
**Sariki Ramu Naidu** ...Petitioner
**And**
**Rajbahor Yadav and Others** ......Respondents

**1st Respondent:**
Rajbahor Yadav S/o Hinchhlal Yadav, aged about 28 years, resident of Gram Tilal, Paraswar Thana, Bhahari Tahsil, Bahari-Tilai Sidhi, Chhattisgarh- 486 661. Driver of the lorry bearing No. CG-04- NK 9373.

Please take notice that the above named petitioners filed the above M.V.O.P 342 /2025 against you and others for claiming compensation on account of injuries sustained by the petitioner in a motor vehicle accident and the matter coming for your appearance and stands posted to 28-10-2025, on that day your personally or through your Advocate attend before the Honorable Court at 10:30 A.M., failing which the Honorable Court will be heard and determined in your absence exparte as per Law.

P.S.R.MURTHY
Advocate
Vizianagaram, 94403 45113

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00079 बनरसी ग्राम के नामांतरण पंज में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440726100061

**// ईश्तहार //**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00079 के अंतर्गत ग्राम बनरसी के वर्तमान भूमिस्वामी दुर्गानाथ पिता/पति-सुशील कुमार नाथ, पता-चौथी बटालियन माना के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 459/10 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सुशील कुमार नाथ पिता/पति- नेपालचंद्र नाथ पता वार्ड नं. 12 एस.ओ.एस. गांव के सामने माना कैम्प रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/09/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार :
Prakash soni
तहसील - रायपुर

**छत्तीसगढ़ समक्ष पब्लिक नोटरी रायपुर**

**:: शपथ पत्र ::**

मैं विक्की पुरी गोस्वामी, उम्र 39 वर्ष पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे काम्प्लेक्स बजरंग नगर के पास बीरगांव रायपुर, तह. व जिला रायपुर का निवासी जो कि शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ

1. यह कि, मैं, विक्की पुरी गोस्वामी, उम्र 39 वर्ष पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे काम्प्लेक्टस बजरंग नगर के पास बीरगांव रायपुर, तह, व जिला रायपुर का निवासी हूँ।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड, मेरा नाम दिलेश्वर पुरी गोस्वामी नाम दर्ज है मैं अपने उक्त वर्तमान नाम दिलेश्वर पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी के स्थान पर स्वेच्छा से नवीन नाम विक्की पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी रखना चाहता हूँ।
3. यह कि, अपने समस्त दस्तावेजों में वर्तमान व भविष्य में अपना नवीन नाम विक्की पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी परिवर्तन करवाना चाहता हूँ। इस हेतु विधि के अनुसार नाम परिवर्तन हेतु छ.ग. राजपत्र में नाम परिवर्तन हेतु प्रकाशन करना चाहता हूँ।

04. यह कि उक्त नाम कुल नाम के परिवर्तन हेतु उक्त शपथ पत्र समक्ष प्राधिकारी के समक्षम प्रस्तुत कर रहा है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं विक्की पुरी गोस्वामी, उम्र 39 वर्ष पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे कॉम्प्लेक्स बजरंग नगर के पास बीरगांव रायपुर, तह. व जिला रायपुर यह सत्यापित करता हूँ उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक के कथन सत्य एवं सही है। कुछ भी गलत होता है तो उसकी जवाबदारी मेरा रहेगा।

दिनांकः- 08.10.2025 सत्यापनकर्ता

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJNA KUMARI KINGRANI D/O GHANSHAMDAS KINGRANI resident of H.NO. C-10, SECTOR-4, DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name SANJNA KUMARI KINGRANI D/O GHANSHAMDAS KINGRANI so in future I should be recognized by my new name that is SANJANA KRISHNANI W/O ALBESH KRISHNANI in all Government and other documents.

**SANJANA KRISHNANI**
H.NO. C-10, SECTOR-4,
DEVENDRA NAGAR, RAIPUR
(C.G.) 492001

## बिजनेस साइट

# बाजार में गिरावट के दौरान भी कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश फायदेमंद होता है



राजकुमार मंगतानी (एचयूएफ)
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

**रायपुर।** व्यवसाय हो या अन्य कोई क्षेत्र, विविध रुचियाँ आमतौर पर सफलता की संभावनाओं को बेहतर बनाती हैं। उदाहरण के लिए, फिटनेस को ही लें, जहाँ कार्डियो, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और लचीलेपन वाले व्यायामों का मिश्रण सिर्फ एक गतिविधि पर ध्यान केंद्रित करने की तुलना में चोट के जोखिम को कम करता है और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करता है।

या फिर कृषि में, कई फसलें उगाने वाला किसान खराब मौसम या कीटों के कारण किसी एक फसल के खराब होने से कम प्रभावित होता है। इसी तरह, व्यापार की दुनिया में, कई क्षेत्रों में मौजूद कॉन्ग्लोमरेट या कंपनियाँ चुनौतीपूर्ण बिज़नेस साइकिल्स का बेहतर ढंग से सामना कर सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके राजस्व स्रोत विविध होते हैं, इसलिए किसी एक क्षेत्र में मंदी का कॉन्ग्लोमरेट के समग्र वित्तीय स्वास्थ्य पर इतना गंभीर प्रभाव नहीं पड़ता । यह विविधीकरण प्रभावित व्यवसाय के लिए भी जीवित रहने की संभावनाओं को बेहतर बनाता है, क्योंकि यह समूह के व्यापक संसाधनों और समर्थन का लाभ उठा सकता है।

उदाहरण के लिए, 2014-2019 के भारतीय दूरसंचार संकट के दौरान, एक नए प्रतिस्पर्धी द्वारा आक्रामक रूप से कम कीमत की पेशकश करने के कारण हुए नुकसान के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में कई छोटे व्यवसायों को बंद होना पड़ा या दूसरों के साथ विलय करना पड़ा। हालांकि, एक कॉन्ग्लोमरेट का हिस्सा रहीं बड़ी कंपनियाँ बच गईं। इसी तरह, 2014 और 2022 के बीच रियल एस्टेट मंदी के दौरान, नकदी संकट (लिक्विडिटी क्राइसिस), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) संकट, रेरा अधिनियम की शुरुआत और विमुद्रीकरण योजना के कारण छोटी, एकल कंपनियाँ वित्तीय रूप से दिवालिया हो गईं, जबकि कॉन्ग्लोमरेट की रियल एस्टेट कंपनियों ने इसे पार कर लिया ।

मंदी के दौरान यह लचीलापन कॉन्ग्लोमरेट के व्यवसायों को एक अच्छा निवेश बना सकता है। निवेशक कॉन्ग्लोमरेट थीम में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंडों के माध्यम से उनमें विशेष निवेश कर सकते हैं। भारत में कई जाने-माने कॉन्ग्लोमरेट्स हैं। यह आकलन करना कि बिज़नेस साइकिल के विभिन्न बिंदुओं पर कौन से समूह एक अच्छा निवेश हैं, मुश्किल हो सकता है। कॉन्ग्लोमरेट थीम म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए यह काम करते हैं, जो उनकी वित्तीय ताकत, शासन, क्षेत्र मिश्रण, विकास की संभावनाओं, व्यवसायों में तालमेल, पिछली मंदी के दौरान प्रदर्शन आदि के आधार पर निवेश का चयन करके मजबूत, पुरस्कृत पोर्टफोलियो का निर्माण करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में, एक ऐसा ही फंड जिस पर निवेशक विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नवीनतम पेशकश - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल कॉन्ग्लोमरेट फंड । यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो प्रमुख कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश करती है और इसके पास क्षेत्रों और बाजार पूंजीकरण में निवेश करने की सुविधा है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 3 अक्टूबर, 2025 से 17 अक्टूबर, 2025 तक खुला है।

**सूचना-आम सभा/दिवाली मिलन**
**अग्रवाल सभा रायपुर**
पंजीयन क्रमांक 458 दिनांक 07-10-1963
की वार्षिक आम सभा- साधारण सभा की बैठक
दिनांक 21/10/2025 को आयोजित की गई है। सभी सदस्य सादर आमंत्रित हैं।
दिनांक- 21/10/2025, मंगलवार
स्थान- श्री अग्रसेन धाम, छेरीखेड़ी रायपुर
समय- संध्या 4 से 6 बजे तक
मनमोहन अग्रवाल,
महामंत्री अग्रवाल सभा रायपुर

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

एक घाट की नीलामी प्रक्रिया के बाद त्रुटियां दूर करेंगे, फिर सभी घाटों का ई-ऑक्शन

# रेत घाटों की नीलामी प्रक्रिया होगी ऑनलाइन, एक घाट से करेंगे ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन ने रेत घाटों की नीलामी की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। इसके तहत रायपुर जिले में अब सभी रेत घाटों की नीलामी ऑनलाइन रिवर्स ऑक्शन से होगी। इस नए सिस्टम की शुरुआत जिले में एक घाट की नीलामी से की जाएगी। यह एक प्रकार से नीलामी का ट्रॉयल होगा। खनिज विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पहली बार नीलामी की प्रक्रिया होने जा रही है। इस दौरान आवेदन करने, आवेदनों के दस्तावेजों की जांच, बोली की कीमत, एक समान बोली वाले एक से अधिक आवेदन आने पर ठेका आदि की प्रक्रिया में किस-किस तरह की दिक्कतें एवं तकनीकी समस्या आ रही हैं। इसे देख-समझकर पहले समस्या दूर की जाएगी। इसके बाद ही शेष घाटों के लिए नीलामी की जाएगी।

### दूसरी बार में 6 और घाटों के लिए मंगाएंगे आवेदन

नए सिस्टम के तहत रायपुर जिले में ट्रॉयल के रूप में एक रेत घाट की नीलामी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अन्य 6 घाटों के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे। इन घाटों की नीलामी की प्रक्रिया भी ऑनलाइन होगी। इस नीलामी प्रक्रिया में प्रति घनमीटर रेत का सबसे अधिक बोली लगाने वाले को घाट का ठेका दिया जाएगा।




### पिछली बार 13 घाटों की हुई थी नीलामी

रायपुर जिले में पिछली बार 13 रेत घाटों के लिए आवेदन मंगाए गए थे। ये सभी आवेदन ऑफलाइन मंगाए गए थे और इन सभी घाटों की नीलामी भी ऑफलाइन की गई थी, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम लागू होने के बाद जिले में शुरुआत में सिर्फ 7 घाटों के लिए ही आवेदन मंगाए जाने की बात कही जा रही है। हालांकि संभावना जताई जा रही है कि जिस तरह से पिछली बार दो से तीन चरणों में 13 घाटों की नीलामी की गई थी, इस बार भी यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### पर्यावरण विभाग से एनओसी बगैर 5 घाटों पर होता रहा अवैध उत्खनन

पिछली बार जरूर 13 घाटों की नीलामी की गई थी, लेकिन इनमें से 5 घाटों को अनुबंध की समयसीमा खत्म होते तक पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं मिल पाया था। इसके बावजूद इन घाटों पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जाता रहा। विभाग ने इनमें से कुछेक घाटों पर छापामार कार्रवाई भी की थी। इसके बावजूद इन घाटों पर चोरी-छिपे रेत उत्खनन से लेकर परिवहन तक के कार्य चलते रहे। देखना होगा कि इस बार जो घाट नीलाम किए जाएंगे, उन घाटों को पर्यावरण विभाग से एनओसी मिल पाएगा या नहीं?

## खबर संक्षेप



### गरीब-मध्यम वर्ग की जेब पर डाका डालने की तैयारी में सरकार

रायपुर। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री साय सरकार द्वारा देश के सबसे प्रमुख त्योहार पर पुराने वाहन पर नए नियम लाए जाने पर कहा, बहुत ही शर्म की बात है कि छत्तीसगढ़ की जनता की जेब पर कैसे डाका डाला जाए, सिर्फ इसी तर्ज पर भाजपा की सरकार काम कर रही है और उस पर पूरी तरह कायम भी हो चुकी है। छत्तीसगढ़ सरकार का आरटीओ द्वारा पुरानी गाड़ी खरीदी-बिक्री के वक्त वर्तमान में जो शोरूम की कीमत होगी, उसी दर पर पुराने वाहनों की खरीदी-बिक्री पर छत्तीसगढ़ की साय सरकार 1 प्रतिशत टैक्स वसूलने का नियम लाकर आम नागरिक की मेहनत की कमाई भी लगभग वसूलने का काम भाजपा सरकार करने जा रही है।

जबकि गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग ही सेकण्ड हैण्ड वाहन खरीदते हैं तो फिर क्या साय सरकार इन्हीं गरीबों से इतना टैक्स वसूलने जा रही है?

## मुख्यमंत्री साय राज्य स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन में हुए शामिल

# छत्तीसगढ़ में ऐसे वैद्य, जहां इलाज के लिए अमेरिका से भी आ रहे पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बुधवार को राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय परंपरागत वैद्य सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली हमारी सांस्कृतिक पहचान और जनसेवा की धरोहर है।

श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार सभी पंजीकृत वैद्यों को प्रशिक्षण देकर उन्हें पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान करेगी, ताकि दस्तावेज़ों के अभाव में उन्हें किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सम्मेलन में मुख्यमंत्री का स्वागत प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वैद्यों ने पारंपरिक जड़ी-बूटी की माला पहनाकर किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



### अमेरिका से भी लोग आकर वैद्य से कराते हैं इलाज

मुख्यमंत्री श्री साय ने पद्मश्री हेमचंद मांझी का उल्लेख करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्र में रहकर भी मांझी जी गंभीर बीमारी का उपचार अपने पारंपरिक ज्ञान से करते हैं। अमेरिका से भी लोग उनके पास उपचार के लिए आते हैं, यह हम सबके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वैद्य परंपरा हमारे देश की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा पद्धति है। भारत में लगभग 60 से 70 हजार वैद्य हैं, जिनमें से लगभग 1500 वैद्य छत्तीसगढ़ में सक्रिय हैं।

### चिकित्सा प्रणाली को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी मान्यता दी है। छत्तीसगढ़ पूरे देश में एक हर्बल स्टेट के रूप में पहचान बना चुका है। अकेले छत्तीसगढ़ में ही डेढ़ हजार से अधिक औषधीय पौधे पाए जाते हैं। दुर्ग जिले के पाटन स्थित जामगांव में औषधीय पौधों से अर्क निकालने के लिए एक कारखाना स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने इस दिशा में कार्यों को गति देने के लिए पृथक आयुष मंत्रालय का गठन किया है।

### अब शुरू होगी नवरत्न योजना

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने बताया कि इस सम्मेलन में 1300 से अधिक वैद्यों का पंजीयन हुआ है। उन्होंने कहा कि बोर्ड नवरत्न योजना के तहत प्रदेशभर में हर्रा, बहेड़ा, आंवला, मुनगा जैसे नौ प्रकार के औषधीय गुणों वाले पौधे लगाने की पहल करेगा।

### वैद्यों को सशक्त बनाना हमारी जिम्मेदारी

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव ने कहा कि राज्य के उन आंतरिक क्षेत्रों में, जहां आधुनिक चिकित्सा सेवाएं नहीं पहुंच पातीं, वहां परंपरागत वैद्य अपने पूर्वजों के ज्ञान के माध्यम से लोगों की सेवा करते हैं। इन वैद्यों को सशक्त बनाना और संरक्षण देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### बांटी गई मशीनें

सम्मेलन में प्रदेशभर से आए वैद्यों ने अपने कर्तव्य के प्रति सत्यनिष्ठा और गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 25 वैद्यों को कच्ची औषधीय पिसाई मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रकाशित डॉ. देवयानी शर्मा की पुस्तक का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक में दुर्ग वन वृत्त के परंपरागत वैद्यों द्वारा संरक्षित पारंपरिक उपचार पद्धतियों और औषधीय पौधों का संकलन किया गया है।

### कृषि मंत्री ने की वैद्य मांझी की सराहना

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वैद्यों का समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने पद्मश्री हेमचंद मांझी की तुलना रामायण काल के सुषेन वैद्य से करते हुए कहा कि जिस प्रकार सुषेन वैद्य ने लक्ष्मण जी का दुर्लभ उपचार किया था, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में श्री मांझी दुर्लभ से दुर्लभ रोगों का सफल उपचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परंपरागत वैद्यों का योगदान न केवल मानव स्वास्थ्य बल्कि पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी अमूल्य है।

## राज्योत्सव की रजत जयंती

# संस्कृति विभाग के राज्य अलंकरण सम्मान के लिए 200 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित राज्योत्सव स्थल पर राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में इस बार पांच दिवसीय आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कलाकारों के साथ ही राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार रंग जमाने आमंत्रित करने की तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को राज्योत्सव का शुभारंभ करने बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। समापन समारोह 5 नवंबर को होगा, जिसमें देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन समारोह की गरिमा बढ़ाने उपस्थित रहेंगे। राज्योत्सव में राज्य अलंकरण समारोह में अलग-अलग श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को राज्य अलंकरण सम्मान दिए जाएंगे। इसमें संस्कृति विभाग से 12 अलग-अलग श्रेणी में दिए जाने वाले सम्मान शामिल हैं। राज्योत्सव में संस्कृति विभाग की ओर से 12 अलग-अलग श्रेणियों में राज्य अलंकरण सम्मान के लिए आवेदन मंगाए गए। इसमें करीब 200 आवेदन प्राप्त हुए। इस संबंध में उत्कृष्ट विभूतियों का चयन करने विभिन्न श्रेणी में जूरी का गठन किया जाएगा। जूरी गठन के बाद समिति की बैठक में प्राप्त प्रविष्टियों पर विचार मंथन कर समिति के सदस्य उत्कृष्ट विभूति का नाम चयनित करेंगे।

### संस्कृति विभाग के राज्य अलंकरण सम्मान पर एक नजर

| सम्मान का नाम | -कार्यक्षेत्र |
|---|---|
| पं. सुंदरलाल शर्मा सम्मान | - हिंदी साहित्य |
| दाऊ मंदराजी सम्मान | - लोक नाट्य, लोक शिल्प |
| चक्रधर सम्मान | - शास्त्रीय संगीत व नृत्य |
| छग अप्रवासी भारतीय सम्मान | - देश के बाहर अप्रवासी भारतीय द्वारा सामाजिक कल्याण, साहित्य,मानव संसाधन, निकाय अथवा आर्थिक |
| किशोर साहू सम्मान | - हिंदी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन,निर्देशन अभिनय, पटकथा |
| किशोर साहू राष्ट्रीय सम्मान | - हिंदी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में सर्वश्रेष्ठ फिल्म निर्देशन |
| देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार | - लोकनृत्य |
| देवदास बंजारे स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार | - पंथी नृत्य |
| लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार | - आंचलिक साहित्य, लोक कविता |
| लक्ष्मण मस्तूरिहा सम्मान | - छत्तीसगढ़ी लोकगीत |
| खुमानलाल साव सम्मान | - छत्तीसगढ़ी लोक संगीत |
| हबीब तनवीर सम्मान | - समकालीन रंगकर्म, छत्तीसगढ़ी , हिंदी, अन्य भाषा नाटक |

# सीएम साय का ऐलान- प्रदेश में 15 नवंबर से होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो जाएगी। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की है। उन्होंने कहा, समर्थन मूल्य पर सभी पंजीकृत किसानों का धान खरीदेंगे। राज्य सरकार ने किसानों को समय पर भुगतान देने और सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। अब तक 21.47 लाख किसानों ने पंजीयन करा लिया है। गत वर्ष राज्य के 25.49 लाख किसानों ने धान विक्रय किया था। अब तक 21.47 लाख किसानों ने एग्रीस्टैक पोर्टल पर पंजीयन करा लिया है। शेष किसान निकटतम सहकारी समिति या निर्धारित केंद्र में जाकर 31 अक्टूबर 2025 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में सभी समितियों और जिला कलेक्टरों को पूर्व में आवश्यक निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

### पिछले साल 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

बता दें कि पिछले खरीफ सीजन में छत्तीसगढ़ में राज्य शासन ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत रिकॉर्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की थी। पिछली बार धान खरीदी 14 नवंबर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक निरंतर जारी रही। राज्य के 25 लाख 49 हजार 592 किसानों ने धान विक्रय किया था।

# सामान्य सभा की बैठक 28 को, 40 करोड़ के ट्रेड टॉवर पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 28 अक्टूबर को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में होगी। इस दौरान जनहित से जुड़े दर्जनभर एजेंडे चर्चा के लिए रखे जाएंगे। महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल की यह दूसरी सामान्य सभा होगी, जो 6 माह बाद होने जा रही है। सामान्य सभा की शुरुआत में एक घंटे का प्रश्नकाल रहेगा, जिसके लिए सचिवालय ने पार्षदों को पत्र भेजकर प्रश्नकाल के लिए सवाल मंगाए हैं। दीपावली के बाद 28 अक्टूबर को शहरी सरकार की सामान्य सभा की बैठक होने वाली है। इस बैठक में नगर उत्थान योजना से जुड़े अहम एजेंडे सदन में चर्चा के लिए लाए जा रहे हैं।

इनमें बूढ़ापारा बिजली आफिस से पचपेड़ी नाका तक 14 करोड़ की लागत से प्रस्तावित गौरवपथ निर्माण, कलेक्टोरेट परिसर के पास स्थित हाईटेक मल्टीलेवल पार्किंग परिसर में युवाओं के लिए वर्किंग स्पेस संबंधी प्रस्ताव, कामकाजी महिलाओं के लिए शहर 3 स्थानों पर वर्किंग वूमन हॉस्टल के लिए चयनित एजेंसी के दर अनुमोदन स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर सामान्य सभा में चर्चा होगी।

### 18 चौराहों का विकास कार्य

नगर उत्थान योजना के तहत सिटी डेवलपमेंट प्लान के लिए कार्य करने 18 चौराहों का विकास कार्य किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से निगम ने एजेंसी तय कर दी है।

### महादेव कॉरिडोर संबंधी एजेंडा भी

उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर राजधानी के रायपुरा स्थित महादेवघाट का पुनर्विकास और सौंदर्यीकरण कर 20 करोड़ की लागत से भव्य महादेव कॉरिडोर बनाया जाएगा। लोककर्म विभाग के इस प्रस्ताव को एमआईसी से मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। अब सामान्य सभा में इस एजेंडे पर चर्चा होगी। महादेव कॉरिडोर में आकर्षक प्रवेशद्वार, लैंड स्केपिंग, यज्ञशाला, शेडयुक्त गलियारा और लोगों के चलने के लिए पाथवे बनाया जाएगा। साथ ही वेंडरों को सुव्यवस्थित कर वेंडिंग शॉप की स्थापना का प्रयोजन एजेंडे में शामिल है, ताकि महादेवघाट क्षेत्र में अनियंत्रित व्यवसाय पर रोक लगाई जा सके। श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए सौर ऊर्जा से संचालित लाइट पोल, एलईडी बोलार्ड और डेकोरेटिव लाइट्स लगाई जाएंगी, जिससे घाट क्षेत्र दिन व रात दोनों समय सुरक्षित और सुंदर बना रहे।

# '25 साल की विकास यात्रा' थीम पर मनेगा राज्योत्सव, सरकार ने जिलों को दिए निर्देश

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष में होने वाले राज्योत्सव कार्यक्रम की थीम इस बार राज्य की 25 साल की विकास यात्रा पर आधारित होगी। राज्य स्तर पर यह आयोजन पांच दिनों का और जिलों में तीन दिनों का होगा। इस संबंध में जिला मुख्यालयों में होने वाले आयोजनों को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि विगत वर्ष की भांति छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर से भिन्न जिला मुख्यालयों में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिला मुख्यालयों में होने वाले कार्यक्रमों का स्वरूप इस प्रकार होगा। 2 नवंबर से 4 तक जिला मुख्यालयों में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

**लगेगी विकास विभागों की प्रदर्शनी**

सरकार ने कहा है कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विकास विभागों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जाए, जिसमें विभागीय उपलब्धियों को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाए तथा इसकी मुख्य थीम 25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित होगी। कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन के विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं का प्रदर्शन किया जाए।

### जिलों में स्थानीय कलाकार देंगे प्रस्तुति

जिला स्तर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शालीन होना चाहिए, किसी प्रकार का अभद्र प्रदर्शन न हो, यह सुनिश्चित करने कहा गया है। 1 से 5 नवंबर तक रात्रि में सभी जिला मुख्यालयों में स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी तथा 25 वर्षों की विकास यात्रा प्रदर्शित करते हुए रोशनी के इंतजाम किए जाएंगे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय भवनों के साथ-साथ निजी संस्थाओं को भी रोशनी किए जाने हेतु प्रोत्साहित करें। जिलों में शासन की कल्याणकारी योजनाओं हितग्राही मूलक को कार्यक्रम में लाभान्वित किया जाएगा। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में मंत्री, सांसदों, विधायकों, जनप्रतिनिधियों को बतौर अतिथि शामिल करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा. प्र.क्र. अ-6 (अ)/ वर्ष 2024-25
सारागांव दिनांक 06/10/2025
ग्राम तर्रा, प.ह.नं. 11,
रा.नि.मं. रायपुर -16 सारागांव

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेन्द्र कुमार वर्मा पिता भागवत प्रसाद वर्मा जाति कुर्मी निवासी ग्राम तर्रा द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम तर्रा प.ह.नं. 11, रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव, तह. धरसींवा जिला रायपुर के अंतर्गत खसरा नं. 584/4 रकबा 0.242 हे. भूमि धारित है। उक्त भूमि में आवेदक द्वारा विक्रेतागण डोमार साहू, बालाराम साहू, नारायण साहू, उमाशंकर साहू सभी पिता स्व. लोकनाथ साहू द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 29/08/2008 को उप पंजीयक कार्यालय के पुस्तक क्र. अ-1 के ग्रंथ क्रमांक 41535 में पृष्ठ 59 से 69 पर विलेख क्रमांक 35524 ग देकर पंजीकृत किया गया है। उक्त भूमि वर्तमान में आनलाईन दर्शित नही हो रही है। अतः आवेदक द्वारा उक्त भूमि को अपने नाम पर आनलाईन दर्ज करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 24/10/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/10/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील सारागांव**
**जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**IN THE HONOURABLE COURT OF THE M.A.C.T.- CUM- Vth ADDL, DISTRICT JUDGE FOR MAHILA COURT AT VIZIANAGARAM M.O.P. 342/2025,**

**Between:**
**Sariki Ramu Naidu** ...Petitioner
**And**
**Rajbahor Yadav and Others**
......Respondents

**1st Respondent:**
Rajbahor Yadav S/o Hinchhlal Yadav, aged about 28 years, resident of Gram Tilal, Paraswar Thana, Bhahari Tahsil, Bahari-Tilai Sidhi, Chhattisgarh- 486 661. Driver of the lorry bearing No. CG-04- NK 9373.

Please take notice that the above named petitioners filed the above M.V.O.P 342 /2025 against you and others for claiming compensation on account of injuries sustained by the petitioner in a motor vehicle accident and the matter coming for your appearance and stands posted to 28-10-2025, on that day your personally or through your Advocate attend before the Honorable Court at 10:30 A.M., failing which the Honorable Court will be heard and determined in your absence exparte as per Law.

**P.S.R.MURTHY**
**Advocate**
**Vizianagaram, 94403 45113**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न.- **00079 बनरसी** ग्राम के नामांतरण पंज में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202425440726100061**

**// ईश्तहार //**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00079** के अंतर्गत ग्राम **बनरसी** के वर्तमान भूमिस्वामी **दुर्गानाथ पिता/पति-सुशील कुमार नाथ, पता-चौथी बटालियन माना** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **459/10 (0.0139)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **सुशील कुमार नाथ पिता/पति- नेपालचंद्र नाथ पता वार्ड नं. 12 एस.औ.एस. गांव के सामने माना कैम्प रायपुर** के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक **17/10/2025** को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय **न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर-02-A** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **30/09/2025** को जारी किया जाता है।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार :**
**Prakash soni**
**तहसील - रायपुर**

**छत्तीसगढ़ समक्ष पब्लिक नोटरी रायपुर**

**:: शपथ पत्र ::**

मैं विक्की पुरी गोस्वामी, उम्र 39 वर्ष पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे काम्प्लेक्स बजरंग नगर के पास बीरगांव रायपुर, तह. व जिला रायपुर का निवासी जो कि शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ

1. यह कि, मैं, विक्की पुरी गोस्वामी, उम्र 39 वर्ष पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे काम्प्लेक्टस बजरंग नगर के पास बीरगांव रायपुर, तह, व जिला रायपुर का निवासी हूँ।

2. यह कि, मेरे आधार कार्ड, मेरा नाम दिलेश्वर पुरी गोस्वामी नाम दर्ज है मैं अपने उक्त वर्तमान नाम दिलेश्वर पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी के स्थान पर स्वेच्छा से नवीन नाम विक्की पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी रखना चाहता हूँ।

3. यह कि, अपने समस्त दस्तावेजों में वर्तमान व भविष्य में अपना नवीन नाम विक्की पुरी गोस्वामी पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी परिवर्तन करवाना चाहता हूँ। इस हेतु विधि के अनुसार नाम परिवर्तन हेतु छ.ग. राजपत्र में नाम परिवर्तन हेतु प्रकाशन करना चाहता हूँ।

04. यह कि उक्त नाम कुल नाम के परिवर्तन हेतु उक्त शपथ पत्र समक्ष प्राधिकारी के समक्षम प्रस्तुत कर रहा है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं विक्की पुरी गोस्वामी, उम्र 39 वर्ष पिता श्री अशोक पुरी गोस्वामी निवासी हर्षित विहार, दुबे कॉम्प्लेक्स बजरंग नगर के पास बीरगांव रायपुर, तह. व जिला रायपुर यह सत्यापित करता हूँ उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक के कथन सत्य एवं सही है। कुछ भी गलत होता है तो उसकी जवाबदारी मेरा रहेगा।

दिनांकः- 08.10.2025 **सत्यापनकर्ता**

**सूचना-आम सभा/दिवाली मिलन**

**अग्रवाल सभा रायपुर**

**पंजीयन क्रमांक 458 दिनांक 07-10-1963 की वार्षिक आम सभा- साधारण सभा की बैठक**

**दिनांक 21/10/2025 को आयोजित की गई है। सभी सदस्य सादर आमंत्रित हैं।**

**दिनांक- 21/10/2025, मंगलवार**
**स्थान- श्री अग्रसेन धाम, छेरीखेड़ी रायपुर**
**समय- संध्या 4 से 6 बजे तक**

**मनमोहन अग्रवाल,**
**महामंत्री अग्रवाल सभा रायपुर**

## बिजनेस साइट

# बाजार में गिरावट के दौरान भी कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश फायदेमंद होता है



**राजकुमार मंगतानी (एचयूएफ)**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

**रायपुर।** व्यवसाय हो या अन्य कोई क्षेत्र, विविध रुचियाँ आमतौर पर सफलता की संभावनाओं को बेहतर बनाती हैं। उदाहरण के लिए, फिटनेस को ही लें, जहाँ कार्डियो, स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और लचीलेपन वाले व्यायामों का मिश्रण सिर्फ एक गतिविधि पर ध्यान केंद्रित करने की तुलना में चोट के जोखिम को कम करता है और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करता है।

या फिर कृषि में, कई फसलें उगाने वाला किसान खराब मौसम या कीटों के कारण किसी एक फसल के खराब होने से कम प्रभावित होता है। इसी तरह, व्यापार की दुनिया में, कई क्षेत्रों में मौजूद कॉन्ग्लोमरेट या कंपनियाँ चुनौतीपूर्ण बिज़नेस साइकिल्स का बेहतर ढंग से सामना कर सकती हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनके राजस्व स्रोत विविध होते हैं, इसलिए किसी एक क्षेत्र में मंदी का कॉन्ग्लोमरेट के समग्र वित्तीय स्वास्थ्य पर इतना गंभीर प्रभाव नहीं पड़ता । यह विविधीकरण प्रभावित व्यवसाय के लिए भी जीवित रहने की संभावनाओं को बेहतर बनाता है, क्योंकि यह समूह के व्यापक संसाधनों और समर्थन का लाभ उठा सकता है।

उदाहरण के लिए, 2014-2019 के भारतीय दूरसंचार संकट के दौरान, एक नए प्रतिस्पर्धी द्वारा आक्रामक रूप से कम कीमत की पेशकश करने के कारण हुए नुकसान के परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में कई छोटे व्यवसायों को बंद होना पड़ा या दूसरों के साथ विलय करना पड़ा। हालांकि, एक कॉन्ग्लोमरेट का हिस्सा रहीं बड़ी कंपनियाँ बच गईं। इसी तरह, 2014 और 2022 के बीच रियल एस्टेट मंदी के दौरान, नकदी संकट (लिक्विडिटी क्राइसिस), गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) संकट, रेरा अधिनियम की शुरुआत और विमुद्रीकरण योजना के कारण छोटी, एकल कंपनियाँ वित्तीय रूप से दिवालिया हो गईं, जबकि कॉन्ग्लोमरेट की रियल एस्टेट कंपनियों ने इसे पार कर लिया ।

मंदी के दौरान यह लचीलापन कॉन्ग्लोमरेट के व्यवसायों को एक अच्छा निवेश बना सकता है। निवेशक कॉन्ग्लोमरेट थीम में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंडों के माध्यम से उनमें विशेष निवेश कर सकते हैं। भारत में कई जाने-माने कॉन्ग्लोमरेट्स हैं। यह आकलन करना कि बिज़नेस साइकिल के विभिन्न बिंदुओं पर कौन से समूह एक अच्छा निवेश हैं, मुश्किल हो सकता है। कॉन्ग्लोमरेट थीम म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए यह काम करते हैं, जो उनकी वित्तीय ताकत, शासन, क्षेत्र मिश्रण, विकास की संभावनाओं, व्यवसायों में तालमेल, पिछली मंदी के दौरान प्रदर्शन आदि के आधार पर निवेश का चयन करके मजबूत, पुरस्कृत पोर्टफोलियो का निर्माण करते हैं।

इस पृष्ठभूमि में, एक ऐसा ही फंड जिस पर निवेशक विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नवीनतम पेशकश - आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल कॉन्ग्लोमरेट फंड । यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी योजना है जो प्रमुख कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश करती है और इसके पास क्षेत्रों और बाजार पूंजीकरण में निवेश करने की सुविधा है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 3 अक्टूबर, 2025 से 17 अक्टूबर, 2025 तक खुला है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SANJNA KUMARI KINGRANI D/O GHANSHAMDAS KINGRANI resident of H.NO. C-10, SECTOR-4, DEVENDRA NAGAR, RAIPUR (C.G.) 492001 have changed my old name SANJNA KUMARI KINGRANI D/O GHANSHAMDAS KINGRANI so in future I should be recognized by my new name that is SANJANA KRISHNANI W/O ALBESH KRISHNANI in all Government and other documents.

**SANJANA KRISHNANI**
H.NO. C-10, SECTOR-4,
DEVENDRA NAGAR, RAIPUR
(C.G.) 492001

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
रायपुर भूमि



दूरवर्ती क्षेत्रों सहित अन्य राज्यों से इलाज के लिए बड़ी संख्या में एम्स आते हैं मरीज

# इलाज में देरी, ठहरने के लिए ठौर न ठिकाना भटकना मरीज और अटेंडरों की मजबूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के दूरवर्ती क्षेत्रों के अलावा अन्य राज्यों से आने वाले मरीजों का इलाज करने वाला रायपुर एम्स 13 साल बाद भी उनके लिए अस्थायी ठिकाना नहीं बना सका है। यहां लेटलतीफी के साथ होने वाले इलाज के दौरान मरीजों का यहां-वहां भटकना मजबूरी है। अस्पताल के सामने स्थिति एक सामाजिक संस्थान की धर्मशाला ही एकमात्र सहारा



है, नहीं तो इलाज पूरा होने तक रुकने के लिए होटल-सराय में ठहरने पैसे खर्च करना मजबूरी है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आने वाले मरीजों को इलाज के लिए लंबे समय तक रुकना पड़ता है। सीमित संसाधन के माध्यम से होने वाली जांच और उपचार की वजह से उन्हें लंबी वेटिंग मिलती है। शहर तथा आसपास के लोग अगली तारीख पर अस्पताल आने की सोचकर वापस चले जाते हैं।

## राज्य शासन के साथ योजना

एम्स के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मृत्युजंय राठौर का कहना है कि ऐसे मरीजों और अटेंडरों के लिए आश्रय सदन बनाने की योजना है। इसके लिए राज्य शासन के साथ मिलकर इस योजना पर विचार किया जा रहा है।

## यहां भी नहीं ठिकाना...

आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों और अटेंडरों के आवास नहीं, गलियारों में बीतता है वक्त डीके अस्पताल के मुख्य भवन में इंतजाम, मगर पर्याप्त नहीं, दाई कोरा देता है थोड़ी राहत जिला अस्पताल पंडरी और कालीबाड़ी में भी किसी तरह की व्यवस्था नहीं।

## अस्पताल के सामने कब्जा, छोटी हो गई सड़क

एम्स के सामने अवैध गुमटियों और ठेलों का कब्जा हो चुका है। सड़क किनारे लोगों के पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनाया गया है, मगर उस पर होटल और पान ठेलों की दुकानें सज गई हैं। इसका सीधा असर उस क्षेत्र में होने वाली आवाजाही पर पड़ता है। एम्स के सामने का मार्ग जीई रोड है, जहां का ट्रैफिक हमेशा व्यस्त रहता है। सड़क पर कब्जाधारियों की वजह से वहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एम्स के सामने अवैध कब्जों की बाढ़ हटाने के लिए नगर निगम और पुलिस अमला भी ध्यान नहीं दे रहा है।

## खबर संक्षेप

### तरपोंगी के पास सड़क दुर्घटना, पत्रकार की मौत

**रायपुर।** धरसींवा इलाके में तरपोंगी के समीप सड़क हादसे में राजधानी से प्रकाशित अखबार दबंग दुनिया के संपादक आनंद प्रकाश दीक्षित की मौत हो गई।



हादसे के वक्त बिलासपुर से वापस लौटने के दौरान वे हादसे का शिकार हो गए। बताया जाता है कि उनकी बाइक खड़े ट्रक-ट्रेलर से टकरा गई, जिससे गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया और सड़क पर गिरने के दौरान सिर पर लगी चोट की वजह से उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने परिजनों के पहुंचने के बाद शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शाम साढ़े छह-सात बजे के आसपास की बताई गई है।

### मोबाइल चोरी, यूपीआई से 72 हजार किए पार

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ मोबाइल चोरी कर यूपीआई से 72 हजार आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंदिर हसौद में चश्मा दुकान में काम करने वाला देबाराज बेहरा ने चोरी तथा ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। देबाराज ने पुलिस को बताया कि ब्रेन हेमरेज होने पर उसे 27 जून को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूसरे दिन परिजन देबाराज को उपचार कराने ओडिशा ले गए। इस दौरान डीकेएस अस्पताल की मेडिसिन टेबल की दराज से कोई अज्ञात चोर देबाराज का मोबाइल चोरी कर ले गया और उसके अकाउंट से यूपीआई का पासवर्ड बदलकर रुपए आहरण कर ठगी की।

### बेटी का इलाज कराने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने में एक महिला ने अपने पति, सास-ससुर तथा मौसी सास के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू शांतिनगर निवासी खुशी राय ने सास मंजू, मौसी सास चंदा, पति रोहित तथा ससुर संजय राय के खिलाफ शिकायत की है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बेटी को उपचार कराने बाल गोपाल अस्पताल ले गई थी। अस्पताल से वापस लौटने पर महिला को उसकी सास ने बच्ची की इलाज कराने के नाम पर विवाद करते हुए मारपीट की।

### व्याख्याता के घर से कैश-जेवर किए पार

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में स्वामी आत्मनंद स्कूल के एक व्याख्याता ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकद 70 हजार रुपए सहित एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एकता चौक लक्ष्मीनगर निवासी मिथिलेश देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग कर रहा सर्वे

# 5000 मृतकों के बैंक खाते में जा रही थी महतारी वंदन की राशि, सर्वे के बाद अब बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद महतारी वंदन योजना का लाभ ले रहीं अपात्र एवं मृत हितग्राहियों का सर्वे का कार्य महिला एवं बाल विकास विभाग कर रहा है। इस सर्वे में तीन माह पहले जिले में लगभग चार हजार ऐसे हितग्राहियों के आंकड़े सामने आए थे, जिसमें लगभग दो हजार हितग्राहियों की मौत हो चुकी थी, वहीं शेष अपात्र मिले थे। इन सभी हितग्राहियों के बैंक खाते में महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए ट्रांसफर किए जा रहे थे, जिस पर विभाग ने रोक लगाई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार नए सर्वे के अनुसार अब मृत हितग्राहियों का आंकड़ा जिले में ही बढ़कर 5 हजार से अधिक हो गया है, वहीं अपात्र हितग्राहियों की संख्या भी दो हजार से अधिक हैं। इस तरह जिले में मृत एवं अपात्र मिलाकर 6 हजार से अधिक हितग्राही मिले हैं, जिनके पोर्टल एकाउंट को ब्लॉक करते हुए विभाग ने राशि ट्रांसफर पर रोक लगाई है।

- जिले में ही पांच हजार से ज्यादा अपात्र हितग्राही, इनमें सरकारी कर्मचारी भी शामिल


महतारी वंदन योजना का शासकीय कर्मचारी थोक में उठा रहे लाभ, इनमें पत्नी-बेटी भी

हरिभूमि फॉलोअप

### मृत-अपात्र हितग्राहियों के आंकड़े कई गुना ज्यादा

सर्वे में प्रदेशभर में मृत एवं अपात्र हितग्राहियों के आंकड़े रायपुर जिले से कई गुना ज्यादा हैं। बताया जा रहा है कि सर्वे में जिन-जिन जिलों में इस तरह के मामले मिल रहे हैं, उन सभी हितग्राहियों की आईडी पोर्टल पर ब्लॉक की जा रही है, ताकि उनके बैंक खातों में राशि ट्रांसफर न हो सके।

### शासकीय महिला कर्मियों समेत कई अपात्र भी ले रहे थे लाभ

तीन माह पूर्व हुए सर्वे में जो आंकड़े सामने आए थे, उसमें मृत हितग्राहियों के अलावा शासकीय नौकरी करने वाली 42 महिलाएं, 78 शासकीस सेवकों की पत्नी एवं 6 बेटियां भी योजना का लाभ उठा रही थीं। इसके अलावा दो सेवानिवृत्त महिला के अलावा डुप्लिकेट एंट्री, दस्तावेजों में कमी के बावजूद भी उन्हें योजना का लाभ मिल रहा था। सूत्रों के अनुसार इन सभी अपात्र हितग्राहियों के आंकड़ों में भी वृद्धि हुई है। हालांकि इसका स्पष्ट आंकड़ा बताने से विभागीय अधिकारी कतरा रहे हैं।

### 5 से 6 लाख से अधिक रिकवरी

दो माह पूर्व जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा में महिला एवं बाल विकास विभाग के अफसरों ने शासकीय सेवा में रहते हुए योजना का लाभ ले रहीं महिलाओं, सरकारी कर्मचारियों की पत्नी-बेटियों के पोर्टल एकाउंट होल्ड कराने की कार्यवाही के साथ उन सभी से पैसों की रिकवरी किए जाने की जानकारी दी थी। इन हितग्राहियों से करीब 17 लाख रुपए की राशि वसूल की जानी है, लेकिन उक्त अवधि तक करीब चार लाख रुपए जमा कराए गए थे। सूत्रों के अनुसार अभी तक करीब 5 से 6 लाख रुपए की वसूली हो चुकी है।

सीसीटीवी फूटेज से हुआ खुलासा

# उधारी की रकम लौटाने से बचने दोस्त से कराई उठाईगिरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सिविल लाइंस थाने में एक कारोबारी ने छह लाख रुपए की उठाईगिरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। मौके पर सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल करने पर पुलिस को उठाईगिरी की वारदात पर संदेह हुआ। तब सख्ती से पूछताछ में कारोबारी ने उधारी की रकम वापस करने से बचने दोस्त के साथ मिलकर उठाईगिरी कराने की बात कबूल की। पुलिस ने कारोबारी के दोस्त के खिलाफ चोरी करने की शिकायत दर्ज की है।


महासमुंद निवासी भावेश चंद चांडक की शिकायत पर पुलिस ने उसके दोस्त पंकज राठी के खिलाफ उठाईगिरी करने का अपराध दर्ज किया है। भावेश ने मंगलवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सोमवार को वह अपने दोस्त के साथ डूमरतराई थोक बाजार पेमेंट करने जा रहा था। इस दौरान शाम 5 बजे के करीब वह रिंगरोड-1 स्थित सीजी 04 ढाबे में खाना खाने के लिए रुका। इस दौरान कारोबारी के मोबाइल में कार के अनलॉक होने का नोटिफिकेशन आया। भावेश के अनुसार, कार अनलॉक होने का मैसेज आने पर वह दौड़कर कार के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कार की पिछली सीट पर रखा नोटों से भरा बैग गायब है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की तो घटना के समय मौके पर कोई संदिग्ध नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने कारोबारी से सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर उठाईगिरी कराने का अपराध कबूल किया।

# फेफड़े और हृदय से चिपका ट्यूमर डॉक्टरों ने निकाला, पांच घंटे की दुर्लभ सर्जरी से मिला मरीज को नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फेफड़े और हृदय से चिपके बड़े आकार का ट्यूमर 5 घंटे की चुनौतीपूर्ण सर्जरी करते हुए डॉक्टरों ने बाहर निकाला। 35 साल के युवक को कैंसर का रूप ले चुके इस ट्यूमर की वजह से सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। युवक को नया जीवन देने आंबेडकर अस्पताल के कैंसर और हार्ट सर्जरी विभाग ने ज्वाइंट ऑपरेशन पूरा किया। ओडिशा में रहने वाला युवक अपनी समस्या लेकर आंबेडकर अस्पताल की कैंसर सर्जरी ओपीडी में पहुंचा था। जहां मरीज की खून जांच, सीटी स्कैन एवं सोनोग्रॉफी की गई तो पता चला कि उसकी छाती में हृदय के समान 11×7 सेंटीमीटर की गांठ है। यह हृदय की बड़ी रक्त नलियों से चिपकी हुई थी। बायोप्सी रिपोर्ट में थाइमोम होने की जानकारी मिली, जो एक दुर्लभ प्रकार का ट्यूमर है। इसे हटाने के लिए कैंसर सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष गुप्ता एवं हार्ट सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू के साथ विशेषज्ञों की टीम बनाकर संयुक्त रूप से ऑपरेशन का फैसला लिया गया। लगातार पांच घंटे तक ऑपरेशन पूरा करते हुए डाक्टरों ने थाइमस ग्रंथि से उत्पन्न होने वाले दुर्लभ और आक्रामक कैंसर 'इंवेसिव कार्सिनोमा ऑफ थाइमस' की गांठ को सफलतापूर्वक निकाल दिया। डॉक्टरों के अनुसार संभवतः यह मध्यभारत में इंवेसिव कार्सिनोमा ऑफ थाइमस का पहला केस है। शल्य प्रक्रिया के दौरान छाती की हड्डी को काटकर हृदय तक पहुंच बनाई गई। गांठ हृदय की सतह और बड़ी रक्त वाहिकाओं- एओर्टा, जुगलर वेन और सुपीरियर वेनाकेवा से गहराई तक चिपकी हुई थी। ऑपरेशन में रक्त वाहिकाओं को गांठ से सावधानीपूर्वक अलग कर रिपेयर किया गया तथा गांठ को दाएं फेफड़े के कुछ हिस्से सहित निकाला गया। दोनों विभागाध्यक्षों का साथ डॉ. किशन सोनी, डॉ. गुंजन अग्रवाल, डॉ. सुश्रुत अग्रवाल, डॉ. के. लावण्या, डॉ. समृद्ध, डॉ. सोनम, डॉ. अनिल तथा निश्चेतना विभाग से डॉ. रचना एवं डॉ. अविनाश ने दिया।

- आंबेडकर अस्पताल में कैंसर और हार्ट सर्जरी विभाग का ज्वाइंट ऑपरेशन



### आपसी समन्वय से संभव

चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने कहा, दोनों विभागों के डॉक्टरों के समन्वय से यह ऑपरेशन संभव हुआ। अस्पताल के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। डॉ. आशुतोष गुप्ता के अनुसार, यह गांठ इतनी गहराई से हृदय की बड़ी रक्त नलियों से जुड़ी थी कि इसे पूरी तरह निकाल पाना चिकित्सीय दृष्टि से अत्यंत चुनौतीपूर्ण माना जाता है। डॉ. कृष्णकांत साहू के अनुसार, यह सर्जरी सेंट्रल इंडिया में इसलिए विशेष है, क्योंकि इस कैंसर का पता देर से चलता है। हर अस्पताल में ये सर्जरी हो, यह भी कई बार संभव नहीं होता।




पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# राशन घोटाले की आंच, खाद्य संचालनालय के राष्ट्रीय सूचना केंद्र संचालक ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** खाद्य संचालनालय के राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) प्रमुख सोमशेखर ने पिछले माह अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राशन घोटाले के लिए विधानसभा समिति द्वारा जांच की प्रगति से इस इस्तीफे को जोड़कर देखा जा रहा है। 600 करोड़ के राशन घोटाले में खाद्य संचालनालय के एनआईसी पर प्रदेश की 13 हजार राशन दुकानों के घोषणापत्र को डिलीट करने के अलावा राशन दुकानों से की गई राशन की कालाबाजारी की मात्रा तकनीकी त्रुटि बताकर हेराफेरी करने के आरोप हैं। खाद्य विभाग के सूत्रों ने बताया कि बाजार से खरीदकर चावल रखवाने के अवैध निर्णय को मॉड्यूल में जोड़ने की शिकायत का उल्लेख किया गया है।

# पटाखा दुकानों के लिए गाइडलाइन, तीन मीटर की दूरी पर ही खोल सकेंगे दूसरी दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के पहले स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। इसके तहत प्रत्येक पटाखा दुकान के बीच की दूरी कम से कम 3 मीटर रखनी होगी, यानी पटाखे की दूसरी दुकान 3 मीटर की दूरी पर ही खोल सकेंगे। इसी तरह प्रत्येक पटाखा दुकान में सुरक्षा की दृष्टि से 5 केजी क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र रखना भी अनिवार्य होगा। इसके अलावा अन्य अन्य शर्तों का भी दुकान संचालक को पालन करना होगा। इन शर्तों का पालन नहीं करने वाले दुकान संचालक के विरुद्ध छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं अधिनियम 2018 एवं नियमावली 2021 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला सेनानी एवं अग्निशमन अधिकारी पुष्पराज सिंह ने बुधवार को दीपावली त्योहार के दौरान खुलने वाली स्थाई और अस्थाई पटाखा दुकानों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इस गाइडलाइन में 11 बिंदुओं को शामिल किया गया है। इन सभी बिंदुओं का पटाखा विक्रेताओं को पालन करना अनिवार्य है।

**अग्निशामक यंत्र रखना अनिवार्य**

**नियमों का पालन नहीं किया तो होगी कार्रवाई**



### इन नियमों का करना होगा पालन

पटाखे के आसपास ज्वलनशील चीजें जैसे कपड़े, बांस, टेंट से बनी नहीं होनी चाहिए। दुकान टिनशेड से निर्मित होगी। प्रत्येक पटाखा दुकान के बीच की दूरी कम से कम 3 मीटर होनी चाहिए। दुकान में रोशनी करने के लिए तेल का लैम्प, गैस लैम्प, दीया, मोमबत्ती एवं खुली बिजली बत्ती का उपयोग नहीं करना है। ये सभी प्रतिबंधित है। दुकान के 50 मीटर तक पटाखा जलाने पर प्रतिबंध है। विद्युत तारों के ज्वाइंट खुले नहीं होने चाहिए तथा प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर होना चाहिए। ट्रांसफर के पास दुकान नहीं होनी चाहिए तथा कोई भी हाईटेंशन तार दुकान के ऊपर से गुजरी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दुकान में 5 केजी क्षमता का डीसीपी अग्निशमन यंत्र होना अनिवार्य है। दुकान के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर का ड्रम एवं पानी की बाल्टियां रखनी होंगी। दुकान के सामने पार्किंग प्रतिबंधित होगी। अग्निशमन यंत्र के मूवमेंट के लिए दुकान के पास पर्याप्त जगह होनी चाहिए।

## खबर संक्षेप



### मोटरयान कराधान अधिनियम पर रोक लगाने परिवहन मंत्री को दिया ज्ञापन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान (संशोधन) अधिनियम तत्काल रोक लगाते हुए निरस्त किए जाने की मांग को लेकर परिवहन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर विधि सलाहकार आनंद श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह गुंबर, सुमीत नाहट, विक्रम कुमार शर्मा ने बताया कि इस राजपत्र को 18 सितंबर से लागू किया जाना छग के गरीब एवं मध्यमवर्ग परिवार पर अप्रत्याशित आर्थिक बोझ डालने वाला है। गरीब एवं मध्यम वर्ग परिवार पर उनके सपनों एवं आवश्यकता पर आर्थिक चोट है, क्योंकि पुरानी गाड़ियों का खरीदार मध्यम एवं गरीब वर्ग ही होता है।

### मांगों को लेकर राशन दुकानदार आज करेंगे धरना-प्रदर्शन

**रायपुर।** त्योहारी सीजन में राशन दुकानों के बंद रहने से गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं को भारी परेशानी होगी। छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 15 हजार राशन दुकानदारों की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सभी दुकानदारों ने राशन दुकान बंद रखने का निर्णय लिया है। राशन दुकानदारों ने कहा कि छग पीडीएस संचालक संघ, छग के मांगपत्र 24 सितंबर एवं शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के मांग पर 23 सितंबर की जो मांगें थीं, सभी पर डायरेक्ट्रेट के अधिकारियों की मौजूदगी में चर्चा होने के बाद 3 माह के भीतर सभी मांगों को पूरा करने पर सहमति दी गई थी, लेकिन सभी समस्याएं आज भी वैसी ही हैं।

### दिवाली से पूर्व पेंशनरों की दोनों किस्तें जारी करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने जनवरी 2025 से लंबित 2% डीआर (महंगाई राहत) तथा जुलाई 2025 से बकाया 3% डीआर की दोनों किस्तें (कुल 5%) एरियर्स सहित तत्काल जारी करने की मांग राज्य सरकार से की है। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज नायक सहित पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 2 अक्टूबर 2025 को कैबिनेट में 3% डीए-डीआर बढ़ोतरी की घोषणा के बाद अधिकांश राज्य सरकारें (जैसे राजस्थान, बिहार आदि) ने अपने आदेश जारी कर दिए हैं।

### छात्राओं की अश्लील फोटो किस उद्देश्य से बनाई, कमेटी कर रही जांच

# ट्रिपल आईटी की छात्राओं की अश्लील तस्वीर का मामला, सीएम ने दिए जांच के निर्देश

**आईआईटी प्रबंधन जांच रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस में करेगा शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपलआइटी) में तीन दर्जन छात्राओं की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से अश्लील फोटो तैयार करने के मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, ट्रिपलआईटी में एआई के माध्यम से 36 छात्राओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। उसकी जांच होगी। जो भी दोषी होगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, बख्शा नहीं जाएगा।

बताया जा रहा है, छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने वाला छात्र बिलासपुर का रहने वाला है। छात्र के लैपटॉप से एक हजार से ज्यादा लड़कियों की फोटो और वीडियोज मिले हैं। मामले की जांच कालेज प्रबंधन की तीन सदस्यीय टीम कर रही है। कॉलेज प्रबंधन ने इस मामले में पुलिस में अब तक शिकायत नहीं की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए राखी पुलिस मामले की जांच करने आईआईटी पहुंची थी।

अश्लील फोटो बनाने वाला छात्र फायनल ईयर में अध्ययनरत है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी छात्र पिछले कई महीने से छात्राओं की सोशल मीडिया तथा अन्य माध्यमों से फोटो हासिल कर उनकी प्रोफाइल फोटो डाउनलोड कर, उसमें छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो तैयार कर रहा था। छात्राओं को इस बात की जानकारी तीन दिन पूर्व ही मिली, जिसके बाद छात्राओं ने कालेज में हंगामा कर दिया।

### हंगामे के बाद छात्र को किया निलंबित

छात्राओं का हंगामा देखते हुए कॉलेज प्रबंधन ने छात्र को कालेज से निलंबित कर जांच के लिए कमेटी बनाई। पीड़ित छात्राएं दोषी छात्र के खिलाफ तत्काल थाने में एफआईआर दर्ज कराने की मांग कर रही हैं। प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक आरोपी छात्र अपने निजी लैपटॉप और क्लाउड सर्वर पर लड़कियों की अश्लील फोटो सेव कर रखता था।




### ऐसे खुला राज

जानकारी के अनुसार, तीसरे वर्ष के सीएस डिपार्टमेंट का आरोपी छात्र अपने साथ पढ़ने वाली अन्य छात्राओं की फोटो खींचता था, इसके बाद एआई के मदद से अश्लील फोटो बनाता था। आरोपी छात्र ने जब एक छात्रा को वाट्सएप पर वन टाइम में फोटो भेजी, तब छात्र द्वारा छात्राओं की अश्लील फोटो बनाने का राज खुला। इसके बाद उक्त छात्रा ने अन्य छात्राओं को आरोपी द्वारा उनकी अश्लील फोटो बनाए जाने की जानकारी दी।

### ब्लैकमेलिंग से लेकर बेचे जाने तक की आशंका

जांच कमेटी आरोपी छात्र से लगातार पूछताछ कर रही है। आरोपी छात्र जांच कमेटी को लगातार गुमराह कर रहा है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि आरोपी छात्र अश्लील फोटो छात्राओं को कहीं ब्लैकमेल करने के लिए तो नहीं बनाया था? साथ ही इस बात की भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि एआई से तैयार फोटो को आरोपी छात्र पोर्न साइट्स को बेचने की फिराक में तो नहीं था? इसके अलावा इस बात की भी जानकारी जुटाई जा रही है कि आरोपी छात्र ने पूर्व में इस तरह की हरकत तो नहीं की है?

- छात्राओं को इस बात की जानकारी तीन दिन पूर्व ही मिली, जिसके बाद छात्राओं ने कालेज में हंगामा कर दिया

**जांच के बाद पुलिस को सौंपेंगे रिपोर्ट**

जानकारी मिलते ही आरोपी छात्र को निलंबित किया गया है। मामले की जांच जारी है। जांच पूरी होते ही विस्तृत रिपोर्ट पुलिस को सौंपी जाएगी।

- **डॉ. ओमप्रकाश व्यास,** डायरेक्टर, ट्रिपलआइटी, नवा रायपुर

**होगी सख्त कार्रवाई**

ट्रिपलआईटी में एआई के माध्यम से 36 छात्राओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ का मामला संज्ञान में आया है। उसकी जांच होगी। जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- **विष्णुदेव साय,** मुख्यमंत्री

**नहीं मिली है शिकायत**

जानकारी मिलने के बाद राखी थाने की टीम ट्रिपलआईटी पहुंची थी। वहां से अब तक किसी तरह की शिकायत नहीं मिली है। कॉलेज प्रबंधन कमेटी बनाकर जांच करा रहा है। फोटो शेयर करने का मामला सामने नहीं आया है।

- **विवेक शुक्ला,** एएसपी, नवा रायपुर

### बिजनेस टूर पर विदेश भेजने का झांसा, चार गिरफ्तार

# चेन मार्केटिंग के जाल में फंसाकर बेरोजगारों से लाखों की ठगी



- बगैर पंजीयन संचालित कर रहे थे कारोबार
- देवपुरी, मोवा, भाठागांव, डूमरतराई में चला रहे थे ब्रांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चेन मार्केटिंग में भारी मुनाफे के साथ सुविधाएं मिलने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने के आरोप में पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय समेत चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने बेरोजगारों को बिजनेस टूर पर विदेश ले जाने का भी झांसा दिया था। ठगी की जानकारी मिलने पर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना से जुड़े नेताओं ने घटना की जानकारी एसएसपी को दी। इसके बाद मुजगहन पुलिस ने जालसाजों को गिरफ्तार किया। ठगी के मास्टर माइंड की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

ठगी करने के आरोप में पुलिस ने जागेश्वरी यादव तथा उसकी एक अन्य सहेली की शिकायत पर मुंगेली जिले के लोरमी निवासी गुरुचरण साहू, राजस्थान के भरतपुर निवासी पुनीत कुमार प्रजापति, उत्तराखंड चंपावत निवासी निर्मला ठाकुर उर्फ निर्मला सामंत तथा शिवानी ठाकुर उर्फ शिवानी बोहरा को गिरफ्तार किया है। जागेश्वरी ने पुलिस को बताया कि जालसाजों ने उसे कंपनी के सामान की बिक्री करने पर 10 प्रतिशत कमीशन देने के साथ अलग से वेतन, आवास एवं भोजन देने का झांसा देकर 49 हजार पांच सौ रुपए सिक्योरिटी मनी के तौर पर रकम जमा कराई थी। साथ ही अन्य लोगों को जोड़ने पर अलग से कमीशन देने का झांसा दिया। वादे के अनुसार सुविधा नहीं मिलने पर जागेश्वरी तथा उसकी सहेली ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### बगैर पंजीयन कर रहे थे संचालन

पुलिस के मुताबिक, जालसाज बगैर पंजीयन के देवपुरी, बोरियाकला, डूमरतराई, भाठागांव में रील इंडिया मार्केटिंग, वेलकोनिक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ऑफिस संचालित कर रहे थे। पुलिस ने जिन चार लोगों को गिरफ्तार किया है, वे सभी संबंधित कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। कंपनी का संचालन मध्यप्रदेश ग्वालियर के किसी व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था।

### 80 से ज्यादा बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाया

जानकारी के मुताबिक, फर्जी चेन मार्केटिंग कंपनी ने 80 से ज्यादा बेरोजगारों को ठगी का शिकार बनाया है। जालसाजों ने जिन लोगों को झांसे में लिया है, उन सभी को दीपावली के समय अपने घर जाने से रोकने नाइजीरिया सहित कई अन्य देशों में बिजनेस टूर पर भेजने का झांसा दिया था। जालसाज ज्यादा मेंबर जोड़ने तथा कारोबार करने वालों को बिजनेस टूर पर भेजने का झांसा देते थे।

# आदिवासी महिलाओं से छेड़छाड़ मामले में महिला आयोग ने डीजीपी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग रेलवे स्टेशन में नारायणपुर जिले की तीन आदिवासी महिलाओं के साथ हुई घटना के मामले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने बुधवार को रायपुर कार्यालय में सुनवाई की। इस मामले में आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने डीजीपी को पत्र भेजने का निर्णय लिया है। इस पत्र के माध्यम से आयोग ने तीनों पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर थाने में 15 दिनों के भीतर एफआईआर कराने तथा तय बिंदुओं पर जांच कर इसकी रिपोर्ट आयोग कार्यालय में पेश करने कहा है।

- 15 दिनों में आरोपियों के विरुद्ध एफआईआर कराने तथा तय बिंदुओं पर जांच रिपोर्ट पेश करने दिए निर्देश

### इस कारण से डीजीपी को पत्र भेजेगा आयोग

आयोग की अध्यक्ष ने कहा, सुनवाई के दौरान पाया गया कि इस प्रकरण में जिन तीन आदिवासी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ एवं जातिसूचक शब्द बोलने की घटना घटी है, उन तीनों महिलाओं की शिकायत पर दुर्ग पुलिस ने अभी तक एफआईआर तक नहीं दर्ज की है। वहीं दुर्ग एसपी द्वारा आरोपियों को आयोग की सुनवाई में पेश करने में लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इस प्रकरण में तीन सुनवाई हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस आरोपियों को उपस्थित नहीं करा पाई है। दूसरी ओर इस मामले में जीआरपी थाने को डीआरएम के अधीन बताया जा रहा है, वहीं डीआरएम जीआरपी थाने को राज्य पुलिस के अधीन बता रहे हैं। इस घटना में सीसीटीवी फूटेज मांगने पर केवल एक ही गेट के फूटेज आयोग को सौंपे गए हैं। इस तरह आयोग ने माना है कि डीआरएम भी इस घटना के सबूत छुपाने में आरोपियों की मदद कर रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि इस पूरे मामले में अब डीजीपी को पत्र भेजा जाएगा, जिसमें इस मामले की जांच के लिए कुछ बिंदु शामिल रहेंगे। इन बिंदुओं पर ही डीजीपी जांच कराएंगे। आयोग ने पत्र में 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है, साथ ही इस अवधि के दौरान तीनों पीड़ित महिलाओं की शिकायत पर एफआईआर भी दर्ज कराने के लिए कहा गया है।




*रिपोर्ट नहीं आने पर राष्ट्रीय मानव आयोग को भेजेंगे पत्र : आयोग की अध्यक्ष डॉ. नायक ने सुनवाई करते हुए यह भी कहा कि इस मामले में अगर डीजीपी की ओर से 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट पेश नहीं की गई तो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को पत्र भेजा जाएगा। इस पत्र के माध्यम से पीड़ित महिलाओं को पुलिस प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की जाएगी।*

### मेनरोड पर कपड़ा दुकान में लाखों की चोरी, सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही पुलिस



**रायपुर।** एक कपड़ा दुकान के संचालक ने डीडीनगर थाने में दो अज्ञात चोरों के खिलाफ दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर नकदी 80 हजार रुपए, गिफ्ट आयटम समेत रेडिमेड कपड़े चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना मंगलवार-बुधवार दरमियानी रात की है। कपड़ा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई है। फूटेज के आधार पर पुलिस चोरों की पतासाजी कर रही है। सुंदरनगर में भारत पेट्रोलियम के सामने वस्त्रम विकास के नाम से कपड़ा दुकान के संचालक सुरेश देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने दुकान में लगे छोटे शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। दुकान के अंदर दाखिल होने के बाद चोर शोकेस का लॉकर तोड़ नकदी चोरी करने के बाद शोकेस के अंदर रखे महंगे रेडिमेड कपड़े के साथ गिफ्ट आयटम चोरी कर ले गए। घटना रात 2 बजे के आसपास की है।

*पेट्रोलिंग पर उठ रहे सवाल : जहां चोरी की घटना हुई है, वह सुंदरनगर डगनिया मोड़ के पास का इलाका है। डगनिया मोड़ हाईवे से सटा हुआ है। इस मार्ग पर देर रात तक लोगों की आवाजाही होती रहती है। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम शहर के अंदरूनी इलाकों के साथ मेनरोड पर पेट्रोलिंग करने का दावा करती है। ऐसे में मेनरोड स्थित कपड़ा दुकान में चोरी की घटना से साबित होता है कि पेट्रोलिंग के नाम पर पुलिसकर्मी केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। इससे पुलिस की पेट्रोलिंग पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे। हाल के दिनों में घरों के साथ दुकानों में चोरी की घटना में बढ़ोतरी हुई है। दुकान में चोरी करने पहुंचे चोरों ने पहचान छिपाने अपने चेहरे को स्कार्फ से ढंक लिया था।*

### तेलीबांधा तालाब का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद, ठेका एजेंसी पर एक लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव की सफाई व्यवस्था का नगर निगम जोन 3 कमिश्नर ने बुधवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसटीपी संचालन में कई खामियां पकड़ में आईं। सफाई व्यवस्था लचर और एसटीपी बंद पाए जाने अनुबंधित एजेंसी ग्रो ग्रीन सॉल्यूशन नागपुर पर 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। बिना शोधित जल तालाब में जाने से मछलियां मरने और जलकुंभी तथा जलीय खरपतवार बड़े क्षेत्र में फैल जाने संबंधी खामियां देखने को मिलीं। मेसर्स ईसीएचटी इंटीग्रेटेड रिक्रिएशन फेसिलिटी लिमिटेड अहमदाबाद पर अनुबंधित नियम-शर्तों के विपरीत कार्य करने पर ढाई लाख रुपए अर्थदंड लगाया गया।

नगर निगम जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह ने तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव में एसटीपी प्रबंधक आलोक महावर पर एसटीपी बंद पाए जाने और जलशोधन उचित तरीके से नहीं होने के कारण तालाब में मछलियां मरने पर नोटिस देते हुए 1 लाख रुपए अर्थदंड लगाने की कार्यवाही की है। निरीक्षण के दौरान तेलीबांधा तालाब के जल शुद्धिकरण के लिए लगाया गया एसटीपी बंद पाया गया। इस कारण दूषित जल सीधे तालाब में जाने पर उसमें जलकुंभी जलीय खरपतवार और कमल बहुत बड़े क्षेत्र में फैल जाने संबंधी अव्यवस्था पाई गई। मरीन ड्राइव के अंदर जगह-जगह कचरे के ढेर और कबाड़ सामग्री रखी मिली।

### दो दिन में अर्थदंड की राशि जमा कराने नोटिस

निरीक्षण के दौरान मरीन ड्राइव में संचालित दुकानों में चाय के डिस्पोजल, पानी की प्लास्टिक बोतल तालाब में पाए गए। जोन 3 कमिश्नर नागरिकों के लिए मनोरंजक गतिविधियों और परिक्षेत्र को विकसित कर संचालन और संधारण के लिए अनुबंधित एजेंसी पर अनुबंध के विपरीत कार्य किए जाने पर ढाई लाख रुपए अर्थदंड लगाते हुए संबंधित राशि 2 दिन में जोन 3 कार्यालय में जमा कराने नोटिस दिया है। औचक निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी एवं जोन स्वच्छता निरीक्षक की उपस्थिति रही।

**उच्च शिक्षा विभाग में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर चयनित 233 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री साय ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र**

# मुख्यमंत्री साय बोले- पारदर्शी-निष्पक्ष भर्ती प्रक्रियाओं से युवाओं का भविष्य हुआ सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर चयनित 233 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पारदर्शी और विश्वसनीय भर्ती प्रक्रियाओं से प्रदेश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हुआ है।

उन्होंने बताया कि विगत 20 महीनों में विभिन्न विभागों में 10 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की जा चुकी हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, सहकारिता विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिम जाति विकास विभाग सहित कई अन्य विभागों में नियुक्तियाँ दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उच्च शिक्षा विभाग में 700 सहायक प्राध्यापकों और स्कूल शिक्षा विभाग में 5000 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री खुशवंत साहेब, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ला, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन सहित विभागीय अधिकारी एवं नवनियुक्त प्रयोगशाला तकनीशियन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### छत्तीसगढ़ के निर्माण में एक मील का पत्थर साबित होगा

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आज का यह अवसर ऐतिहासिक और अत्यंत हर्ष का विषय है पहली बार इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति पत्र एक साथ प्रदान किए जा रहे हैं। यह निश्चित रूप से विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त प्रयोगशाला तकनीशियनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों का शत-प्रतिशत निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति को अपनाया है, जिसके माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस नई उद्योग नीति के तहत अब तक लगभग 7 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, और इनमें से कई प्रस्तावों के अंतर्गत औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का कार्य प्रारंभ भी हो गया है। इन उद्योगों से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से राज्य की जनता को व्यापक लाभ प्राप्त होगा।

**बिना विवाद के तीन चरणों में संपूर्ण काउंसिलिंग**

उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पिछले 20 महीनों में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ प्रत्येक विभाग की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री वर्मा ने नवचयनित प्रयोगशाला तकनीशियनों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी निश्चित रूप से अपने महाविद्यालयों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में योगदान देंगे। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों की भी सराहना की और कहा कि मात्र तीन माह की अवधि में बिना किसी विवाद के तीन चरणों में संपूर्ण काउंसलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप से पूर्ण करना अत्यंत सराहनीय उपलब्धि है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



लाइव इवेंट

## जैविक-अजैविक स्ट्रेस प्रबंधन के बीच कृषक बनाएं तालमेल




**रायपुर।** आईसीएआर राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान का 14वां स्थापना दिवस उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. मंगला राय, पूर्व सचिव (डायरे) एवं महानिदेशक, आईसीएआर मुख्य अतिथि के रूप में मंचस्थ रहे। डॉ. राय ने अपने महानिदेशक, आईसीएआर के कार्यकाल में इस संस्थान की परिकल्पना एवं स्थापना में अहम भूमिका निभाई थी। डॉ. टीपी राजेन्द्रन, पूर्व सहायक महानिदेशक, डॉ. पियूष पाण्डेय, कुलपति, एमिटी विश्वविद्यालय और डॉ. जे. कुमार, पूर्व संयुक्त निदेशक, आईसीएआर-एनआईबीएसएम विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. मंगला राय ने वन हेल्थ की अवधारणा को अपनाने पर जोर देते हुए जैविक और अजैविक स्ट्रेस प्रबंधन के बीच तालमेल कृषक किस तरह बढ़ा सकते हैं, इस पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जैव प्रौद्योगिकी किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए टिकाऊ उपकरण विकसित करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए।

### कृषि में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित

डॉ. पी.के. राय ने संस्थान की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। कृषि विज्ञान के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन विकसित करने उच्च शिक्षा एवं क्षमता निर्माण की जरूरत पर बल दिया। इस अवसर पर दो प्रगतिशील किसानों को सतत कृषि पद्धतियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विभिन्न श्रेणियों में संस्थान के श्रेष्ठ कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट काम के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके बाद एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर एक संकलन, तकनीकी पुस्तिकाएं एवं नीति पत्र भी अतिथियों द्वारा जारी किए गए। किसान-वैज्ञानिक संवाद में लगभग 100 किसानों ने भाग लिया।आयोजन का समन्वयन डॉ. अनिल दीक्षित ने किया।

# 'नृत्यनंदलहरी उत्सव' में बिखेरी भारतीय संस्कृति की छटा, शास्त्रीय नृत्य की मोहक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

## रंग मंदिर में नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय नृत्य समारोह

'भारतीय संस्कृति की गहराई और परंपरा को समर्पित "नृत्यनंदलहरी उत्सव-2025' के सातवें दिन मंच पर शास्त्रीय नृत्य की दिव्य छटा देखने को मिली। ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में देशभर से आए कलाकारों ने भारतीय देवी-देवताओं की लीलाओं और भावों को जीवंत किया। कार्यक्रम की शुरुआत त्रिवेन्द्रम, केरल से आई प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना अद्रिजा दास की पद संचालन और भावपूर्ण मुद्राओं के साथ हुई। जहां तबले की थाप और नृत्य के सुर-ताल में ऐसी लयबद्ध समां बांधा, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल कला की गरिमा को दर्शाया, बल्कि भारतीय अध्यात्म और संस्कृति को भी उजागर किया।'



### 13 वर्षीय नर्तकी ने 7 मिनट में रामायण के पात्रों का मंचन किया

13 वर्षीय भरतनाट्यम नर्तकी ने अपनी 7 मिनट की प्रस्तुति में रामायण के पात्रों का भावनात्मक मंचन किया। प्रस्तुति की शुरुआत भगवान श्रीराम और माता सीता के वैवाहिक उत्सव से हुई, जिसमें श्रीराम की धनुष लीला को सटीक और सूक्ष्म हाथ की मुद्राओं के माध्यम से दर्शाया। इसमें सोने के हिरण, मां सीता का सौम्य स्वरूप और वन्य जीवन के दृश्य भी शामिल रहा। अंतिम समय में हनुमान भगवान के विशालकाय स्वरूप, उनके मुख के भाव, गदा और श्रीराम के प्रति उनके अद्भुत प्रेम को ताल के संगम से प्रस्तुत की गई।

### स्पर्धा में 1300 से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन

बुधवार को रंग मंदिर के मंच पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का मनमोहक नृत्य प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नर्तकी ने थाल पर संतुलन बनाते हुए चेहरे के भाव, हाथों की मुद्राएं और कदमों की ताल के माध्यम से देवी के प्रत्येक स्वरूप को गहराई से प्रस्तुत किया। वहीं, समूह नृत्य में योग मुद्राओं का भी अनूठा संगम देखने को मिला। थाल और मटका के ऊपर स्थिर बैलेंस बनाकर नृत्य की जटिलता और सौंदर्य को बखूबी दर्शाया गया। छह कलाकारों द्वारा दी गई सामूहिक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

### सातवें दिन मंच पर शास्त्रीय नृत्य की दिव्य छटा

मंच पर जैसे ही दस कलाकारों ने भगवान शिव के विराट स्वरूप का अद्भुत नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से सजीव चित्रण किया, सभागार तालियों से गूंज उठा। नृत्य में शिव की जटाओं में गंगा का प्रवाह, गले में शेषनाग की मूरत और नंदी महाराज को दर्शाया गया। हर कदम, हाथ की मुद्राएं और चेहरे के भाव शिव की महत्ता और दिव्यता को प्रभावशाली ढंग से दर्शा रही थी।

रायपुर। नृत्यनंदलहरी उत्सव में पारंपरिक नृत्य शैलियों के माध्यम से कलाकारों ने नृत्य को साधना के रूप में प्रस्तुत किया। भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथक, मोहनीपुर और लावणी जैसे शास्त्रीय नृत्यों के माध्यम से देवी-देवताओं की कथाओं, भाव-भक्ति और रासलीलाओं का जीवंत चित्रण रंग मंदिर के सभागार में देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. जी राथेश ने बताया कि देशभर के विभिन्न राज्यों से अबतक 1300 से अधिक पंजीयन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन 12 अक्टूबर को फाइनलिस्ट कंटेस्टेंट के बीच भव्य स्पर्धा होगी। इसमें विजेता प्रतिभागी को 'नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा।





### भगवान विष्णु के कमल नयन का चित्रण

नृत्यनंदलहरी उत्सव के दौरान मंच पर भरतनाट्यम की भावपूर्ण प्रस्तुति में नृत्यांगना ने राजीव नेत्राय का मंचन किया। भगवान श्री विष्णु के दिव्य स्वरूप व कमल नयन को चित्र के माध्यम से वर्णन किया। लगभग सात मिनट तक चली इस प्रस्तुति में भगवान विष्णु के अवतार श्रीराम, कृष्ण और वेंकटेश्वर स्वामी के नेत्रों की तुलना कमल की पंखुड़ियों से की गई, जो भारतीय सांस्कृतिक लोककथाओं एवं धार्मिक कल्पनाओं की सूक्ष्मता को दर्शाता है।



सिटी इवेंट

## शिल्प सरोवर मेले में दिव्यांग स्कूली बच्चों के हैंडमेड दीए



**रायपुर।** शंकर नगर बीटीआई मैदान में राष्ट्रीय शिल्प सरोवर मेला का आयोजन किया गया है। इस फेस्टिवल सीजन में हेंडमेड क्राप्ट, स्वदेशी शिल्प कलाओं से बने सजावटी, फैशन की कई स्टॉल्स मेले में सज रहे हैं। यह राष्ट्रीय शिल्प सरोवर मेला 8 से 19 अक्टूबर तक आयोजित होंगे। बुधवार को शिल्प सरोवर मेले की शुरुआत हो गई है। इसमें प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों की शिल्प कलाएं लेकर शिल्पकार पहुंचे हैं। शिल्प मेले का आयोजन शेपर्स मैनेजमेंट सोसायटी रायपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। आयोजक टीम के सदस्य सौरभ कुमार ने बताया कि दीपावली, करवाचौथ जैसे फेस्टिवल के अवसर पर प्रति वर्ष शेपर्स मैनेजमेंट सोसायटी शिल्प कलाओं व कलाकारों को बढ़ावा देने के लिए शिल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह शिल्प मेले का 15वां वर्ष है। बीटीआई मैदान पर इसका आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय शिल्प सरोवर मेले में देश के अलग-अलग राज्यों की पारंपरिक शिल्प कलाएं शिल्प प्रेमियों के लिए उपलब्ध कराया जाता रहा है। इस बार भी शिल्प मेले में करीब 150 शिल्प कला की स्टॉल्स लग रहे हैं, जिसमें बनारसी, भागलपुरी, बंगाली पॉकेट साड़ियां, ड्राई फ्लावर्स, टेराकोटा शिल्प, क्रॉकरी आट्र्स, कॉरपेट, चंदेरी साड़ी, हेंडमेड ज्वेलरी सहित शहर के दिव्यांग स्कूली बच्चों के द्वारा निर्मित हेंडमेड शिल्पकारी के दीए का स्टॉल्स सज रहे हैं।

### राजस्थानी, गोरखपुरी टेराकोटा दरबारी शिल्प

मेले में पहुंचे टेराकोटा शिल्प के कलाकार नेतराम कोसरिया ने बताया कि 15 सौ से 6500 रुपए तक कीमत की टेराकोटा शिल्प की अलग-अलग शिल्प उपलब्ध हैं। टेराकोटा शिल्प में प्रसिद्ध राजस्थानी व गोरखपुरी टेराकोटा शिल्प की दरबारी, म्यूजिशियन, फाउंटेशन, कलशदीप, फ्लावर्स पॉट जैसे आकर्षक व डिमांडिंग शिल्प आयटम्स स्टॉल में सजाए गए हैं। यह शिल्प वस्तुएं फेस्टिवल में घरों की सजावट में चार चांद लगाएंगे।

### कश्मीरी पश्मीना व सहारनपुर की आयरन फर्नीचर

*आयोजक टीम ने बताया कि मेले में शहरवासियों के लिए कश्मीरी पश्मीना की स्टॉल्स, सहारनपुर की आयरन फर्नीचर्स व वुड फर्नीचर्स का आकर्षण रहेगा। इन स्टॉल्स में लाजवाब शिल्पकारी से तैयार वस्तुओं को अपने घर की शोभा बनाने शिल्प प्रेमी उत्सुक नजर आ रहे हैं। मेले में बच्चों व बड़ों के मनोरंजन के लिए सिंगापुर से आकाश झूला पहुंचा हुआ है। वहीं, मेले में एक से बढ़कर एक पारंपरिक पकवान की स्टॉल्स भी लग रहे हैं। मेले में 15 अक्टूबर को दिव्यांग स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस तरह शहरवासी शिल्प मेले में पहुंचकर शिल्पकारी की अनोखी कला देखेंगे और मनोरंजन का लुफ्त उठाएंगे।*

### स्वदेशी हैंडमेड झूमर और आर्टिफिशियल फूलों से सजा बाजार

# दीपावली पर घरों की सजावट में राजस्थान दिल्ली, मुंबई के खास झूमर की मांग

**रायपुर।** दीपावली पर्व को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। रंग-बिरंगे लाइट, आर्टिफिशियल फ्लावर, दीपक और सजावटी वस्तुओं से बाजार सज चुका है। ऐसे में देर रात तक दुकानों में खरीदारों की भीड़ देखने को मिलती है। शहर के गोल बाजार, सुंदर नगर, गुढ़ियारी, डगनिया, रायपुरा, भाठागांव, कोतवाली चौक और शंकर नगर जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में सजावट के स्टॉल्स सजे हैं। इस बार हैंडमेड झूमर और आर्टिफिशियल फूल लोगों की पहली पसंद है, जिसे राजस्थान, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता जैसे शहरों से लाया गया।

दीपावली की तैयारियों के साथ ही बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानदारों ने बताया कि दीपावली पर बाजारों में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री बड़ी मात्रा में हो रही है। लोग विदेशी वस्तुओं के बदले स्वदेशी साज-सज्जा की वस्तुओं को अपना रहे हैं। ऐसे में बजट फ्रेंडली झूमर, शोपीस और गुलदस्ते दुकान में सजे हैं।



### झूमर में फैंसी स्टोन, मिरर वर्क व मोतियों की सजावट

गोल बाजार स्थित दुकान संचालक ओम कश्यप ने बताया कि स्वदेशी होने के कारण 10-20 प्रतिशत तक सामान सस्ते हैं। पहले चीनी सामान की खूब बिक्री होती थी, लेकिन इस बार लोगों में स्वदेशी सामान खरीदने का उत्साह है। दुकान में राजस्थान और दिल्ली से झूमर लाया गया है, इसकी कीमत 500-1500 रुपए तय की गई। खासतौर पर कई झूमर हैंडमेड तैयार किया गया है, जिसमें छोटे छाते, दीपक, शुभकामना के संदेश और पटाखों की तस्वीरें हैं। साथ ही चमकदार लैंस, फैंसी स्टोन, मिरर वर्क व मोतियों से भी झूमर सजा है। शहर में दिल्ली के बने झूमर की मांग सबसे अधिक है।

### आर्टिफिशियल फूलों की मांग

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही घरों की सजावट शुरू हो गई है। गोल बाजार से दुकान संचालिका आंचल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष फूलों की मालाएं और लड़ियों की खरीदी बड़ी संख्या में हो रही। घरों पर सजावट के लिए लोग बड़ी संख्या में नकली फूलों की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार कोलकाता से खास आर्टिफिशियल फूल लाया गया, जो देखने में असली फूलों की तरह नजर आता है। इसमें गेंदा के अलावा गुलाब, सेवंती, सूरजमूखी जैसे दस से अधिक प्रकार के फूलों की लड़ी सजी हैं। इसकी कीमत 80-200 रुपए तक तय की गई।

### बाजार में शोपीस और गुलदस्ते

दुकान में आर्टिफिशियल फूलों से बने कई तरह के शोपीस और गुलदस्ते भी मौजूद हैं। दुकान संचालक ने बताया कि दुकान में लेवेंडर, प्लांट ट्री, डटेम्स, बोनसाई, मनी प्लांट, मनी बेल, हैप्पी ट्री, सन फ्लावर और गुलाब के आर्टिफिशयल फूल मौजूद हैं, जिसका इस्तेमाल शोपीस और गुलदस्ता बनाने के लिए किया जा रहा है। वहीं, कई खरीदार घर के डिजाइन के मुताबिक कस्टमाइज भी करा रहे हैं। ऐसे में इसकी कीमत 300 रुपए से शुरू होकर 1500 से 2000 रुपए तक तय है।

# थैलेसीमिया, सिकलसेल से पीड़ित बच्चों के सहयोग के लिए रक्तदान शिविर

**रायपुर।** शासकीय जे. यो. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग के तत्वावधान में 9 अक्टूबर गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ प्राध्यापक भी शामिल होंगे। महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष ने बताया कि कॉलेज में पिछले 14 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया जा रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### सुबह 9 बजे से कॉलेज परिसर में आयोजित

*इस अवसर पर चिकित्सा परामर्शक के लिए भी विशेषज्ञों की उपस्थिति दर्ज की जाएगी, जो स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देंगे। साथ ही छात्रों को रक्तदान के लाभ की जानकारी दी जाएगी। रक्तदान शिविर से प्राप्त रक्त का उपयोग थैलेसीमिया एवं सिकलसेल से पीड़ित बच्चों के सहयोग के लिए निशुल्क प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में काश फाउंडेशन एवं बिलासा ब्लड बैंक का विशेष सहयोग है।*

## शहर के बाजारों में त्योहारी सीजन से लौटी रौनक, लोग तलाश रहे अपनी पसंद

# फेस्टिवल में मेन्स फैशन में जैकेट के साथ कुर्ता और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स जंपसूट, क्रॉप टॉप के साथ धोती पैंट ट्रेंडी विकल्प

कार्नर न्यूज

रायपुर। फेस्टिवल सीजन में जेंट्स के लिए धोती-कुर्ते, नेहरू जैकेट के साथ कुर्ता और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स जैसे जंपसूट, क्रॉप टॉप के साथ धोती पैंट या स्टाइलिश जैकेट, ये सब ट्रेंडी विकल्प हैं। शहर के फैशन हाउस जेंट्स के लिए सज गए हैं। पंडरी कपड़ा मार्केट से लेकर पुरानी बस्ती, गोलबाजार, वीआईपी रोड स्थित मॉल्स व फैशन हाउसेस में नए जेंट्स फैशन कलेक्शन की खेप पहुंच गई है। पुरानी बस्ती स्थित जेंट्स फैशन हाउस के संचालक विजय गुप्ता बताते हैं कि फेस्टिवल सीजन में जेंट्स के लिए धोती-कुर्ते, नेहरू जैकेट के साथ कुर्ता, और इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स जैसे जंपसूट, क्रॉप टॉप के साथ धोती पैंट या स्टाइलिश जैकेट, ये सब ट्रेंडी विकल्प रहता है, पर इसके अलावा प्रिंटेड कुर्ते, बनारसी सिल्क कुर्ते और सैटिन व ऑर्गेंजा जैसे शानदार फैब्रिक कलेक्शन में आए हुए हैं। ट्रेंडी आउटफिट्स में धोती-कुर्ता यह एक क्लासिक, लेकिन हमेशा स्टाइलिश कॉम्बिनेशन है। बनारसी प्रिंट या सुनहरे धागों वाले फैब्रिक का कुर्ता चुन सकते हैं, जिसे धोती या सलवार के साथ पहना जा सकता है। नेहरू जैकेट कुर्ते के साथ पहनने के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है। गहरे रंग की नेहरू जैकेट को हल्के रंग के कुर्ते के साथ पहनकर एक क्लासी लुक पाया जा सकता है। इंडो-वेस्टर्न फ्यूज़न अपनी पसंद के हिसाब से इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स को ट्राई करें। इसमें पारंपरिक धोती पैंट के साथ क्रॉप टॉप या जंपसूट पहनना शामिल है। स्टाइलिश जैकेट प्रिंटेड और स्टाइलिश जैकेट को ड्रेप के साथ पहनकर लुक में बदलाव ला सकते हैं। फैब्रिक और डिज़ाइन की बात करें तो बनारसी सिल्क दीपावली की पूजा के लिए बनारसी सिल्क के कुर्ते खास और आकर्षक लगते हैं, जिनमें बारीक पैटर्न और सुनहरे धागों की चमक होती है। सैटिन और ऑर्गेंजा ये फैब्रिक भी इस त्योहार के लिए लोकप्रिय हैं, जो एक शानदार और आरामदायक लुक देते हैं। शिमर और मिरर वर्क इन फैब्रिक का इस्तेमाल करके आउटफिट को और भी आकर्षक बना सकते हैं।



### क्लोज्ड जैकेट विद जोधपुरी

क्लोज्ड जैकेट के साथ जोधपुरी पैंट पहनें। इससे फेस्टिवल के दिन परफेक्ट लुक पा सकते हैं। इसकी तैयारी पहले से करनी होगी। ऐसे ड्रेस को खरीदने की बजाय सिलवाएं तो बेहतर फिटिंग मिल सकती है।



### फैशन एक्सपर्ट्स के स्टाइलिंग टिप्स

शहर के जाने माने फैशन डिजाइनर अतुल सिंह फेस्टिवल सीजन में जेंट्स फैशन स्टाइलिंग की टिप्स बता रहे हैं। उनका कहना है कि जेंट्स फैशन में कॉम्बिनेशन प्रिंटेड कुर्ते और फॉर्मल पैंट या धोती के साथ वेस्ट कोट का कॉम्बिनेशन खास चुन सकते हैं। साधारण कॉटन आरामदायक लुक के लिए कॉटन-ब्लेंड के फैब्रिक के कुर्ते अच्छे रहते हैं। एक्सेसरीज लुक को और आकर्षक बनाने के लिए आप मैचिंग रिस्ट वॉच और स्लीपर या स्नीकर भी पहन सकते हैं।

### फ्लोरल शर्ट विद चिनोज

फैशन एक्सपर्ट्स का कहना है कि फ्लोरल शर्ट नहीं पहनी है तो इस बार आजमा सकते हैं, ये आपको स्टाइलिश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ चिनोज और जींस दोनों में से किसी एक को पसंद के अनुसार पहन सकते हैं।

### लिनेन शर्ट विद पैंट

लिनेन शर्ट केवल गर्मी के दिनों के लिए नहीं बना है। इसको रंगों के हिसाब से चुनें तो फेस्टिव लुक भी मिल सकता है। यकीनन इसमें एकदम क्लासी दिख सकते हैं। पैंट और शर्ट में भी स्टाइलिश दिख सकते हैं।

## सिटी लाइव

# बस्तर के माड़िया माइयिन का लौह शिल्प प्रदर्शनी में रहेगा आकर्षण



### 11 अक्टूबर तक चलेगी प्रदर्शनी

प्रदर्शनी में परंपरागत एवं आधुनिक लौह शिल्प की मनोहारी कला-कृतियां होंगी जो न केवल अद्भुत प्रदर्शन होगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत की जीवंत अभिव्यक्ति भी होगी। यह प्रदर्शनी 9 से 11 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक नागरिकों के लिए खुली रहेगी। लोग घरों के लिए स्वदेशी सजावटी लौह शिल्पी सामान खरीद सकेंगे।

**रायपुर।** कलेक्टर परिसर स्थित टाउनहॉल में 9 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक लौह शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को शाम 4 बजे टाउन हॉल में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे एवं लौह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। लौह शिल्पकार विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा टाउन हॉल, कलेक्टर परिसर में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के '25 वर्षों का उत्सव, वर्षों का संकल्प' के तहत लौह शिल्प प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इस अवसर पर स्थानीय लौह शिल्पकारों का सम्मान भी किया जाएगा। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य स्थानीय शिल्पकारों के उत्पाद को बढ़ावा देना है, ताकि उनके स्वदेशी उत्पाद के विक्रय के लिए बाजार उपलब्ध हो सके। लौह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदर्शनी में विशेष रूप से दीपावली के समय घर के सामने प्रज्वलित किए जाने वाले लामन दीया आकर्षक का केन्द्र होगा। साथ ही घंटी दीया, चाबी हैंगर, जोड़ा लामन दीया, झुलन बैलेंस, सूरज मास्क, मुखौटा, हिरण दीया, तोड़ी एवं बस्तर के माड़िया माइयिन आदि आकर्षक लौह शिल्प प्रदर्शनी में उपलब्ध होंगे।

## पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में जिला प्रशासन ने किया 'प्रोजेक्ट अंतरिक्ष' का आयोजन

# मंगलयान-2 को मंगल ग्रह पर उतारने की तैयारी, चंद्रमा की तुलना में मंगल पर उतरना अब ज्यादा आसान

अंतरिक्ष के प्रति विद्यार्थियों में जिज्ञासा जगाने और जानकारी प्रदान करते हुए इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के लिए बुधवार को सीएम विष्णु देव साय के निर्देश पर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में 'प्रोजेक्ट अंतरिक्ष' का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और आईडीवायएम फाउंडेशन के तत्वावधान में इसे आयोजित किया।

**रायपुर।** कार्यक्रम में इसरो के स्पेस एप्लीकेशन सेंटर अहमदाबाद के डायरेक्टर डॉ. एनएम देसाई, ग्रुप के डायरेक्टर डॉ. डीके पटेल, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक सिंह और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह मंचस्थ रहे। विद्यार्थियों से मुखातिब होते हुए डॉ. देसाई ने इसरो की स्थापना से लेकर अब तक भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, उसकी संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि मंगलयान-2 पर काम शुरू हो गया है। जिस रूप में इस परियोजना की परिकल्पना की गई है, उसी के अनुरूप उसे आकार दिया जा रहा है। इसे 2028 से 2030 के बीच पूरा किया जाएगा।





### देश के वीर जवानों का किया सम्मान

डॉ. देसाई ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के साथ विद्यार्थियों द्वारा पेश किए गए मॉडलों का अवलोकन करते हुए उनकी सराहना की। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि एक ही मंच पर देश के प्रख्यात वैज्ञानिक मंचस्थ थे। वहीं, देश के वीर जवान भी इसका हिस्सा बने। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. देसाई ने कारगिल एवं 1971 के युद्ध के सपूत ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) डॉ. प्रणव कुमार लहरी और कर्नल (सेवानिवृत्त) शमशेर सिंह कक्कड़ का सम्मान करते हुए देश की सेवा सेवा में उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन एवं जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन और डीईओ हिमांशु भारती शामिल हुए।

### हमारा लक्ष्य विश्व की नंबर वन स्पेस एजेंसी बनना

*आगे बताया कि मंगलयान-2 को मंगल ग्रह पर उतारने की योजना है। चंद्रमा की तुलना में मंगल पर उतरना ज्यादा आसान है, क्योंकि वहां पतला वायुमंडल मौजूद है। हम पैराशूट और मोटराइज्ड वाहनों की सहायता से इसे सुरक्षित रूप से उतारेंगे। मंगलयान को पृथ्वी से मंगल तक पहुंचने में लगभग 10 महीने लगेगा। इसका पूरा नियंत्रण पृथ्वी से ही किया जाएगा। भारत उन चुनिंदा 2–3 देशों में शामिल होगा, जिसने मंगल ग्रह पर सफल लैंडिंग किया है। अमेरिकी, रूसी और चीनी अंतरिक्ष एजेंसियां इस क्षेत्र में अग्रणी हैं, किंतु भारत अब यूरोपीय और जापानी अंतरिक्ष एजेंसियों के समकक्ष पहुंच चुका है। हमारा लक्ष्य विश्व की नंबर वन स्पेस एजेंसी बनना है, इसके लिए निरंतर प्रयास जरूरी है।*



### विद्यार्थी रुचि लें तो छत्तीसगढ़ भी प्रगति करेगा

भारत आत्मनिर्भर अंतरिक्ष उद्योग की दिशा में लगातार काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी अगर अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा रखेंगे तो प्रदेश भी विकास के क्षेत्र में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रयोग से प्रगति कर सकेगा। जिला प्रशासन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट अंतरिक्ष के माध्यम से विद्यार्थियों को स्पेस सेंटर एवं अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी मिल रही है। इससे विज्ञान एवं गणित के प्रति उनकी रुचि और उत्सुकता में वृद्धि होगी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि पर्दे के पीछे काम करने वाले कर्मयोद्धा इसरो स्पेस एप्लीकेशन सेंटर के निदेशक डॉ. देसाई, छत्तीसगढ़ के वीर सपूतों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### प्रदेश के युवा इसरो में करेंगे इंटर्नशिप

कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की प्रतिभाओं को इसरो से जोड़ना है। अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपना योगदान दें। आने वाले समय में जब कोई नया प्रक्षेपण होगा तो हम गर्व से कह सकें कि उसे लीड करने वाले वैज्ञानिक भी छत्तीसगढ़ का है। उन्होंने बताया कि इसरो की टीम ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सैद्धांतिक सहमति दी है कि भविष्य में साइंस कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं फिजिक्स के विद्यार्थियों को इसरो अहमदाबाद केंद्र में इंटर्नशिप के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए शासन और प्रशासन भी विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग करेगा।

## इवेंट लाइव

# अपने लिए प्रतिदिन पांच मिनट निकालें, वरना खो देंगे बहुत कुछ



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी रायपुर) में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और डिप्रेशन तथा नकारात्मक विचारों से सुरक्षित रहने का उपाय साझा करना था। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में एनआईटी की निदेशक (प्रभारी) डॉ. एबी. सोनी उपस्थित रहीं। कुलसचिव डॉ. एन.डी. लोंढे, डीन (छात्र कल्याण) डॉ. मनोज चोपकर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. एम.के.वर्मा और डॉ. शिरीष वी. देव, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समीर बाजपेयी शामिल हुए। मुख्य वक्ता और एनआईटी की साइकोलॉजिकल काउंसलर एवं मूल्य शिक्षा की अध्यापिका डॉ. हीना चावड़ा ने स्वागत भाषण के साथ सेमिनार शुरू किया।

### जीवन डिग्री नहीं, बल्कि सोचने की प्रक्रिया

उन्होंने मूल्य शिक्षा का परिचय देते हुए बताया कि यह मानव, आत्मा और शरीर के अध्ययन का हिस्सा है। ओवरथिंकिंग जैसी समस्याओं की पहचान और समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. एम.के. वर्मा ने कहा कि जीवन केवल डिग्री तक सीमित नहीं, बल्कि सोचने की प्रक्रिया से चलता है। छात्र-छात्राओं को अपने व्यक्तित्व को सकारात्मक बनाए रखने और स्वयं को निरंतर प्रेरित करने की सलाह दी। स्वामी विवेकानंद के शब्दों का जिक्र करते हुए कहा, 'अपने लिए प्रतिदिन पांच मिनट निकालें, वरना आप अपने जीवन के सबसे अहम व्यक्ति को खो देंगे।

# मनुष्य का केवल सुख के लिए प्रयास, जिंदा रहते हैं तो पांच इंद्रियों से सुख तलाशते हैं

**रायपुर।** अभ्युदय संस्थान अछोटी द्वारा आयोजित जीवन विद्या शिविर में दूसरे दिन मानव जीवन के प्रयोजन पर चर्चा की गई। सूर्यकांत अग्रवाल और आकाश मिश्रा ने मंच पर अतिथियों का बुधवार को सुबह 10 बजे स्वागत किया। इसके बाद प्रमुख वक्ता सोमदेव त्यागी ने कहा कि मानव जो कुछ करता है, वह सुख के लिए ही करता है। जब समस्याओं से घिरे होते हैं तो दुखों को न्यूनतम करने के लिए कोशिश करते हैं। सुख को बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। अभी खुद को शरीर मानकर जिंदा रहते हैं तो पांच इंद्रियों से सुख तलाशते हैं। इस शरीर के इंद्रियों में भोग की एक सीमा है, जो रसगुल्ला हमें प्रिय लगता है, वह एक सीमा से अधिक खाने पर अप्रिय हो जाता है। हर व्यक्ति अपनी वर्तमान समझ और स्थिति के अनुसार अपने सुख को परिभाषित करता और उसी को सही मानकर काम और व्यवहार करते हैं।



### संवेदनशीलता का गलत फायदा उठा रहे

उन्होंने आगे कहा कि जिंदा रहना और जीने में फर्क है। जिंदा रहना अपने लिए होता है, जबकि जीना सर्व समाज के लिए होता है। मनुष्य तीन तरह की स्थिति में होता है। वह संवेदनहीन होता और पशुओं की तरह अपने सुख के लिए काम करता है। दूसरी स्थिति में कुछ संवेदनशील लोग होते हैं, जो भावुकता के साथ मदद करते हैं। कुछ समय बाद उन्हें लगता है कि उसकी संवेदनशीलता का लोग गलत फायदा उठा रहे हैं। तीसरी स्थिति संज्ञानशीलता की है, इसमें व्यक्ति के साथ काम और व्यवहार करता है। श्री त्यागी ने कहा कि पुराने समय में स्त्रियों को घर की चारदीवारी तक सीमित रहना पड़ता था। उन्हें पुरुषों जैसा सम्मान और अवसर नहीं मिलता था।



### आधुनिक युग में स्त्री-पुरुष समान

आधुनिक युग में स्त्री-पुरुष समान है। इस समानता का गलत अर्थ ले लिया जाता है। पत्नी कहती है पति पैसे कमा सकता है तो मैं क्यों नहीं। पति स्वत्रंत है तो मैं क्यों नहीं। मैं ही बच्चों का पालन क्यों करूं। इससे परिवार टूटता है। कितना पैसा होने पर पति-पत्नी के बीच झगड़ा नहीं होगा। कितना बड़ा पद मिलने पर पति-पत्नी के बीच तालमेल बना रहेगा। हम जितने शिक्षित होते जा रहे हैं, परिवार नाम की संस्था उतना अधिक टूट और बिखरता नजर आ रहा है।

दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के पावन प्रकटोत्सव में भक्तों ने किया तुलादान

# श्रीशंकराचार्य आश्रम में शरद पूर्णिमा महामहोत्सव धूमधाम से मनाया



**रायपुर।** श्रीशंकराचार्य आश्रम में परम पूज्य दंडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज का पावन प्रकटोत्सव गुरु भक्तों ने भक्तिमय माहौल में बड़े धूमधाम से मनाया। शरद पूर्णिमा महामहोत्सव अवसर पर पूरे आश्रम में सुबह से देर रात तक भक्तिमय माहौल रहा। सभी गुरु भक्तों ने दांडी स्वामी इंदुभवानंद महाराज का अन्न व फल से तुलादान किया। भक्तिमय संगीत की प्रस्तुति के मध्य रास नृत्य और कथक की प्रस्तुति हुई। विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया गया। पराम्बा भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी ललिता प्रेमाम्बा महारानी का विशेष पूजन प्रातः काल 5.30 बजे प्रारंभ हुआ। प्रातःकाल सिद्धेश्वर महादेव का पूजन, गणेश, हनुमान, भैरव, पूजन के साथ माता रानी का पूजन श्रृंगार आरती की गई। मंदिर में ललिता सहस्त्र नाम परायण हुआ। चौसठ योगिनी माताओं को मालपुआ भोग के साथ श्रीजगद्गुरु शंकराचार्य गौशाला में गौ पूजन का कार्यक्रम हुआ। आचार्य धर्मेन्द्र महाराज ने बताया कि संध्या प्रवचन के बाद भजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। संध्या माता रानी का पूजन एवं रात्रि दीपार्चन और तुलादान फल एवं अन्नदान कार्यक्रम के साथ रात्रि में कत्थक नृत्य व महारास नृत्य का भव्य आयोजन हुआ। गुरु भक्तों ने परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दांडी स्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज का अभिनंदन किया। शरद पूर्णिमा का महत्व भारतीय संस्कृति में प्रमुख है। शास्त्रों में वर्णित है शरद पूर्णिमा की रात्रि में अमृत वर्षा होती है। जिसमें औषधियों को बल मिलता है, जो निरोगता प्रदान करती है। खीर का भोग लगा चंद्रमा की रोशनी में रख ग्रहण करने से आरोग्यता प्रदान होती है। श्रीमद् भागवत में उल्लेख है कि भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों को शरद पूर्णिमा को दर्शन दिया था। इस अवसर पर आश्रम में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, संत युधिष्ठिर लाल महाराज, संत साई मसंद, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश तिवारी, सुभाष तिवारी सहित गुरु परिवार के भक्त बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## शरद पूर्णिमा उत्सव में प्रतिभाओं का किया सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन विप्र भवन में किया गया। इस उत्सव को सांस्कृतिक प्रस्तुति से सजाने वाली प्रतिभाओं का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल थे। अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने की। समृद्धि शर्मा को उत्सव के बाद महापौर द्वारा पुरस्कृत किया गया।



## लाइव इवेंट

# स्माइलिंग स्टेप्स हैप्पी स्कूल की तर्ज पर स्मार्ट क्लास




**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मो डिवास और रोटरी कॉस्मो डिवास फाउंडेशन ने अपने पहले रोटरी इंटरनेशनल ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट "स्माइलिंग स्टेप्स हैप्पी स्कूल" के तहत रायपुर के टेमरी गांव के स्कूल को पूरी तरह स्मार्ट स्कूल में तब्दील कर दिया है। जहां अब एक सरकारी स्कूल बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया है। बदलाव के बाद से बच्चे अब नियमित रूप से स्कूल आने लगे हैं। उन्हें यहां पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में लगे नए झूले और खेल के उपकरण भी बेहद पसंद आ रहे हैं। उनके चेहरों पर खिली मुस्कान इस बदलाव की सच्ची गवाही देती है। 'हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट' ने नई बेंच, आधुनिक वॉटर कूलर और नया क्लासरूम तैयार किया गया है, जिसकी छत को वॉटर लीकप्रूफ सिस्टम से मजबूत किया गया है। स्कूल में बेहतर लाइब्रेरी, कंप्यूटर क्लास और स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा बच्चों को नई दिशा दे रही है। गर्ल्स और ब्वॉयज के लिए अलग-अलग स्वच्छ वॉशरूम बनाए गए हैं, जिससे छात्रों में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना बढ़ी है। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन महापौर मीनल चौबे और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल ने किया। इस मौके पर रोटेरियन रंजीत सिंह सैनी, रोटेरियन मनजीत सिंह अरोड़ा और रोटेरियन प्रदीप लाथ सहित कई अतिथि उपस्थित रहे।

## अवधपुरी मैदान में जारी पांच दिवसीय हनुमंत कथा के समापन में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

# हनुमानजी जैसा सलाहकार रखोगे तो रामजी के पास नहीं जाना पड़ेगा, वही आपके पास आएंगे

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** बात करते समय उच्चारण ठीक हो या ना हो पर उच्च आचरण जरूर होना चाहिए। कई लोगों का उच्चारण ठीक होता है, लेकिन आचरण ठीक नहीं होता है। यदि उच्च आचरण होगा तो कितनी भी गड़बड़ हो जाए, हमेशा विजयी रहोगे। वही मरीज डॉक्टर के पास आता है, जो मरीज चलने-फिरने वाला होता है। जिसकी हालत खस्ता हो उसे एम्बुलेंस का सहारा लेना पड़ता है। हनुमानजी भगवान राम से कहते हैं कि जिसके मस्तक पर प्रभु राम का हाथ हो और वही गिर जाएगा तो दुनिया में फिर कौन बचेगा। सलाहकार हनुमानजी जैसा रखोगे तो रामजी के पास नहीं जाना पड़ेगा, वही आपके पास लेकर आ जाएंगे। हनुमानजी की यही लीला है, वह राजा भी बनाते हैं और राम से भी मिलवाते हैं। राजा तो बहुत लोग बन जाते है पर एक डर रहता है की कहीं उनकी गद्दी छिन ना जाए। यह बात अवधपुरी मैदान में युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल द्वारा आयोजित कथा के समापन से पहले श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने कथा श्रोताओं के बीच बुधवार को कही।





### कैबिनेट में चर्चा के बाद देंगे गौमाता का दर्जा

श्री हनुमंत कथा विश्रांति के दिन बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से कथा सुनने के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व में सनातन धर्म प्रेमियों का ध्वज लहरा रहे बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर अभिनंदन है। सौभाग्य का विषय है कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। माता शबरी की इस धरती पर महाराजश्री का आगमन सौभाग्य की बात है। गौ माता के लिए पिछले दिनों बाबा ने हम लोगों से कहा कि तहसील स्तर पर 5000-5000 गौमाता के लिए गौठान बना दिया जाए। इस पर आश्वस्त करता हूं कैबिनेट से चर्चा करके जैसे महाराष्ट्र ने गाय को गौमाता का दर्जा दिया है, उसी तरह छत्तीसगढ़ में गाय को गौमाता कर दर्जा देंगे।

### समापन के दिन शामिल हुए ये अतिथि

इस अवसर पर सीएम साय की धर्मपत्नी कौशल्य साय, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, गुरु खुशवंत साहेब के साथ विधायक पुरंदर मिश्रा, शकुंतला सिंह, अनुराग सिंहदेव, विभा अवस्थी, राजीव लोचन महाराज, युवा समाजसेवी बसंत अग्रवाल परिवार मंचस्थ रहा। दीनानाथ शर्मा, नंदकुमार साय, संजय श्रीवास्तव, आजाद गुर्जर, हेमेंद्र साहू, योगेश तिवारी, पू विनोद अग्रवाल ने भी बागेश्वर धाम से आशीष लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट में जीत से खाता खोला छत्तीसगढ़ ने



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट बुधवार से ग्वालियर में शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच आंध्र प्रदेश टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ की विजयी शुरुवात, आंध्र प्रदेश को 9 रनों से हराया छत्तीसगढ़ ने टॉसजीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 110 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने सर्वाधिक 36 रन नाबाद बनाये। उनके अतिरिक्त कृति गुप्ता ने 20 रन तथा महक नरवसे ने 18 रन बनाये। आंध्र प्रदेश टीम की ओर से सृष्टि शेखर ने 2 विकेट, शबनम तथा अनुषा ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 101 रन ही बना सकी। आंध्र प्रदेश की ओर से स्नेहा दीप्ती ने 41 रन बनाये। उनके अतिरिक्त रंगा लक्ष्मी ने 27 रन तथा पद्मजा ने 11 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करने हुये लगातार विकेट प्राप्त किये तथा मैच पर पकड़ बनाये रखी। छत्तीसगढ़ की ओर से अदिति पनवार ने 2 विकेट प्राप्त किय। उनके अतिरिक्त प्रीति यादव, उर्मिला हरीना तथा तरन्नुम पठान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 9 रनों से जीत लिया।

### जिला बैडमिंटन में प्रथम दौर के रोमांचक मुकाबले

**रायपुर।** रायपुर जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सप्रे शाला में आयोजित जिला सब जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा के प्रथम दौर में रोमांचक मुकाबले हुए। जिसमें बालक 15 वर्ष आयु समुह के प्रथम दौर के परिणाम राघव तिवारी ने मयंक साहू को 19-17,17-15 से, पार्थो पटेल ने काव्या जगवानी को 19-17,15-11 से, राजवीर सिंह ने आरिज़ खान को 15-10,8-15,15-12 से, हंसल सेन ने काव्यांश जैन को 15-11,15-11 से, श्रेयांश मिस्त्री ने पूरब बंछोर को 15-4,15-4 से, मृत्युंजय सोनी ने अर्जुन बाफना को 15-10,11-15,15-13 से, अभिवीर ताम्रकार ने सूर्यनारायण सिंह ठाकुर को 15-12,15-13 से, मनन शर्मा ने अनस खान को 15-1,15-4 से, तारक्ष मुखर्जी ने समर्थ पटेल को 15-5,15-5 से, हर्ष देशपांडे ने जयराज सिंह भाटिया को 15-6,15-9 से, अविश सिबिश ने कार्तिकेय मिश्रा को 15-10,15-13 से हराया। बालक 17 वर्ष आयु समूह के प्रथम दौर के परिणाम देव वैष्णव ने आशीष राज को 15-6,15-4 से, आरव बंसीजा ने रुचिर वारुदकर को 15-12,17-15 से, दर्श मालिक ने ओम पांडे को 15-1,15-1 से, हिमांशु राठी ने विवेक जैन को 15-17,15-12,15-10 सेसमर्थ पटेल ने रोजित सिंह राठौर को 15-1,16-14 से,कृषि भटनागर ने विहान मॉल को 15-3,16-14 से, मयंक साहू ने देवांश गर्ग को 15-8,15-8 से हराया।



### किक बॉक्सिंग में राजधानी के खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक

**रायपुर।** सलेम स्कूल में आयोजित एक दिवसीय अस्मिता खेलों इंडिया किक बॉक्सिंग महिला सिटी लीग में मार्शल आर्ट्स क्लब से 23 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमे 11 स्वर्ण 6 रजत 3 कांस्य पदक जीते। आयु वर्ग 10-12 बिद्या दीप – प्वाइंट फाइटिंग/ -32किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 13-15 इशिका छुरा–लाइट कांटेक्ट/ -37 किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 16-18 भावना साहू लो किक/-52किग्रा स्वर्ण पदक मुकेश्वरी नेताम लो किक/-56 किग्रा स्वर्ण पदक लालिमा साहू -लो किक/+65किग्रा स्वर्ण पदक तन्नू घीदोदे – लो किक/ -65किग्रा स्वर्ण पदक झील भारती – प्वाइंट फाइटिंग/+65किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग +19दीप्ति साहू – लो किक/ -56किग्रा स्वर्ण पदक दामिनी ध्रुव – लो किक/ -52किग्रा स्वर्ण पदक सरोजनी पटेल लो किक/ -60किग्रा स्वर्ण पदक मंजू वर्मा लो किक/ -70किग्रा स्वर्ण पदक अन्नू देवी कंवर लो किक/ -67किग्रा स्वर्ण पदक, आयु वर्ग 10-12 ऐशिनी वर्मा – प्वाइंट फाइटिंग/ -28किग्रा रजत पदकअर्चना दीप-प्वाइंट फाइटिंग/ -47किग्रा रजत पदक ध्रुवी चौबे प्वाइंट फाइटिंग/ -37 किग्रा रजत पदक भूमिका वर्मा प्वाइंट फाइटिंग/-42किग्रा रजत पदक, आयु वर्ग 16-18 वैभवी दामा भानुशाली लो किक/-48किग्रा रजत पदकआयु वर्ग +19 प्रियंका साहू–लो किक/-48किग्रा रजत पदकआयु वर्ग 10-12 आकांक्षा ध्रुव–प्वाइंट फाइटिंग/-28किग्रा कांस्य पदक, आयु वर्ग 16-18 रंजना ध्रुव–लो किक/-44किग्रा कांस्य पदक मंजू साहू ने लो किक/-44 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया।



## आज है वर्ल्ड साइट डे. ख्याल रखिए अपनी आंखों का

# आंखों की चमक रखनी है बरकरार तो उठाएं जरूरी कदम, रोशनी के साथ निखरेगी आपकी खूबसूरती भी

आंखें ईश्वर का वरदान हैं, यही शरीर का वो हिस्सा हैं जो हमें दुनिया की खूबसूरती का एहसास कराती हैं। हालांकि समय के साथ लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण इससे संबंधित जोखिम बढ़ते जा रहे हैं। मोबाइल-कंप्यूटर्स पर अधिक समय बिताना हो या फिर डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी अंतर्निहित स्वास्थ्य स्थितियां, इन सभी के कारण आंखों की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंधापन और कम दृष्टि के प्रमुख कारणों में मुख्य रूप से मोतियाबिंद, मधुमेह संबंधी रेटिनोपैथी और ग्लूकोमा जैसी बीमारियां हैं।

आंखों से संबंधित बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में लोगों का ध्यान आकर्षित करने और बचाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल अक्तूबर माह के दूसरे गुरुवार को वर्ल्ड साइट डे मनाया जाता है। इस बार गुरुवार 9 अक्टूबर को यह दिन पड़ेगा। इस बार का थीम है- अपनी आंखों से प्यार करें' है, कार्यस्थल पर आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

### अच्छा आहार आंखों के लिए जरूरी



आंखों को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है कि आपका आहार स्वस्थ और पौष्टिक हो। थाली में कई रंगों वाली सब्जियों-फलों को दैनिक आहार का हिस्सा बनाएं। ओमेगा-3 फैटी एसिड, ल्यूटिन, जिंक और विटामिन-सी और ई जैसे पोषक तत्व मैक्यूलर डिजनरेशन और मोतियाबिंद जैसी उम्र से संबंधित दृष्टि समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, केल और कोलार्ड, फैटी फिश, अंडे, नट्स, बीन्स आदि आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हैं।


### धूम्रपान से बिल्कुल दूरी

धूम्रपान सिर्फ फेफड़ों के लिए ही हानिकारक नहीं है, इससे आंखों की सेहत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। अध्ययनों में धूम्रपान को मोतियाबिंद, ऑप्टिक तंत्रिका को क्षति पहुंचाने और मैक्यूलर डीजेनरेशन के खतरे को बढ़ाने वाला पाया गया है। धूम्रपान छोड़कर इस तरह के खतरे को कम किया जा सकता है। डॉक्टर कहते हैं, धूम्रपान छोड़ना आपके नियंत्रण में है जो आपकी दृष्टि को लंबे समय तक स्वस्थ बनाए रखने में मददगार हो सकता है।



### स्क्रीन टाइम को करें कम

स्क्रीन पर बहुत अधिक समय बिताने वाले लोगों में समय के साथ आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों के विकसित होने का खतरा रहता है। मोबाइल-कंप्यूटर या



टेलीविजन जैसे स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी आंखों के लिए बहुत हानिकारक हो सकती है। अमेरिकन ऑप्टोमेट्रिक एसोसिएशन इस तरह के जोखिमों को कम करने के लिए 20/20/20 नियम की सिफारिश करता है। इसमें हर 20 मिनट में कम से कम 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड के लिए ध्यान से देखने की सलाह दी जाती है। पलकों को झपकाते रहना भी बहुत जरूरी है।

### नियमित रूप से कराएं आंखों की जांच

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों के लिए नियमित नेत्र परीक्षण की आवश्यकता होती है, यहां तक कि छोटे बच्चों को भी। यह आपकी आंखों में होने वाली किसी भी समस्या को पहचानने और समय रहते उसे ठीक करने के लिए जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं सभी लोगों को साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच करानी चाहिए, यदि आंखों के रोगों की फैमिली हिस्ट्री रही है तो साल में दो बार जांच कराएं।

**मूंग दाल का पिज्जा :** पिज्जा भले ही इटली से ताल्लुक रखता है, लेकिन भारत में इसके दीवाने हजारों हैं। मास्टरशेफ पंकज भदौरिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मूंग दाल पिज्जा की रेसिपी शेयर की है। सबसे पहले इसके लिए पीली मूंग दाल लेकर उसे साफ करके 2-3 बार धोकर भिगोने के लिए छोड़ दें। दाल को लगभग 6-8 घंटे के लिए भिगोएं, इसके बाद आपके लिए बैटर बनाना आसान होगा। 6 घंटे के बाद दाल को बिना पानी के ब्लेंडर में डालकर पीस लें। यह एक स्मूथ कंसिस्टेंसी के बैटर में तैयार होना चाहिए। इसे एक बार चम्मच से अच्छी तरह से मिक्स कर लें। अब इस मैटर में नमक और दो बड़े चम्मच वेजिटेबल ऑयल डालकर अच्छी तरह से मिला लें।



## इन कमियों के कारण नहीं मिलती सफलता

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आज भी महात्मा विदुर की नीतियों का पालन किया जाता हैं। यदि विदुर नीतियों की गांठ बांध ली जाए, तो जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बरकरार रहेगी। हमारे शास्त्रों में लिखित नीतियों में कई बातों का जिक्र किया गया है जिनका हमारे दिनचर्या में भी अधिक महत्व है। इन नीतियों में मनुष्य में मौजूद कमियों का जिक्र भी किया गया है, जिस कारण वह अपना लक्ष्य प्राप्त करने में असफल हो जाता है। इन कमियों के कारण ही उसके जीवन में भी कई बाधाएं आती हैं।

### नींद की चाह

जिस इंसान को नींद व आराम करना प्रिय होता है, वह भविष्य को संवारने के अवसर गंवा देता है। दरअसल, जब भी आप सोते हैं तो आप कई सारे मौके को गंवा देते हैं। इसलिए जीवन में ज्यादा सोने वाली आदत को त्यागना हमारे लिए लाभदायक होता है। जितनी जरूरी है उतनी ही नींद लें।

### हमेशा भगवान पर निर्भर रहना

यदि आप हर काम भगवान के भरोसे करते हैं, तो यह गलत है। महात्मा विदुर कहते है कि मनुष्य अपने काम व कर्म से भगवान का भरोसा जीतने में कामयाब रहता है। इसलिए जो अपने लिए काम करता है, भगवान भी उसी का साथ देते हैं। भगवान पर विश्वास करना अच्छी बात है लेकिन उनके भरोसे पर काम छोड़ना बहुत गलत है।

### आलस्य से रहें दूर

नीति के अनुसार, अगर आपके भीतर आलस्य है तो आप कभी भी अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकते। आमतौर पर लोग अपना काम कल पर टाल देते हैं। ऐसे में मनुष्य इन सब आदतों का आदी हो जाता है और उसके नुकसान का पिटारा भर जाता है। इसलिए हमेशा आलस्य से दूर रहने की सलाह दी जाती हैं।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमी शूमर का नया लुक बना चर्चा का विषय, शेयर किया अनुभव



अपने बढ़े हुए वजन के बारे में अक्सर बात करने वाली अभिनेत्री एमी शूमर एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। उनकी एक नई तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। आइए इसके बारे में जानते हैं। अभिनेत्री एमी शूमर अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। अपना वजन घटाने के बाद 44 साल की अभिनेत्री सोमवार को सड़क पर घूमने निकलीं। इस दौरान 'आई फील प्रिटी' की अभिनेत्री ने दो रंगों वाला स्वेटर और जींस पहनी थी। इसमें लग रहा था कि उन्होंने अपना वजन घटा लिया है। अपने लुक को उन्होंने सनग्लास और खुले बालों से कंपलीट किया था। एमी शूमर तब सुर्खियों में आ गईं जब उन्होंने अपने दोस्तों के साथ लास वेगास की हालिया यात्रा की एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की। रविवार 5 अक्टूबर को साझा की गई तस्वीर में एमी शूमर ने निर्माता एलेक्स सैक्स और जिलियन बेल के साथ एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर को फैंस ने लाइक किया और इस पर कमेंट किए। एमी शूमर की तस्वीर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'आप बहुत खूबसूरत और खुश लग रही हैं।' एक और यूजर ने लिखा 'आप कमाल की लग रही हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'आपके पैर बहुत खूबसूरत लग रहे हैं।' कई अच्छे कमेंट देखने के बाद एमी शूमर ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा 'मुझे बहुत अच्छा लगा। मेरे पैर आपका शुक्रिया अदा करते हैं!' आपको बता दें कि शूमर पहले भी अपने वजन की समस्या के बारे में खुलकर बात करती रही हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने पहले वजन कम करने वाली दवा खाई थी।

### टॉलीवुड

## जिनी' का पहला गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज, कल्याणी ने जताई खुशी




कल्याणी प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जिनी' का पहला गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज हो चुका है। इस गाने को लेकर अभिनेत्री ने अपनी उत्सुकता भी साझा की है। साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन अपनी आगामी फिल्म 'जिनी' के पहले गाने 'आब्दी आब्दी' के लिए बेहद उत्साहित हैं। ए.आर. रहमान द्वारा रचित गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज हो चुका है। इस गाने को लेकर अभिनेत्री ने एक पोस्ट भी किया है। जानिए उन्होंने क्या कहा। कल्याणी प्रियदर्शन ने 'जिनी' फिल्म का पहला गाना 'आब्दी आब्दी' रिलीज होने से पहले अपनी उत्सुकता साझा की थी। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'एक अभिनेता के तौर पर, मैं हमेशा खुद को उन चीजों के लिए प्रेरित और चुनौती देने की कोशिश करती हूं, जो मैंने पहले कभी नहीं कीं। यह गाना उन पलों में से एक था। जब हमारे निर्देशक भुवनेश ने मुझे इसके बारे में बताया, तो मैं हैरान रह गई कि उन्होंने इतनी खूबसूरती से एक व्यावसायिक संगीतमय रचना को 'जिनी' की कहानी का एक वास्तविक और महत्वपूर्ण हिस्सा कैसे बना दिया। मैं आप सभी को इसे फिल्म में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। इसके पीछे के कारण बहुत ही ज़बरदस्त हैं। बहुत मेहनत की और कुछ नया करने की कोशिश की, और मुझे सच में उम्मीद है कि आप सभी को यह पसंद आएगा।' जयम रवि और कल्याणी प्रियदर्शन की आगामी फिल्म जिनी का निर्देशन भुवनेश अर्जुनन ने किया है। इस फिल्म में कृति शेट्टी और वामिका गब्बी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'जिनी' फिल्म का संगीत ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान ने तैयार किया है। फिल्म को लेकर काफी रोमांच बना हुआ है।

### भोजपुरी

## 'परछावन' का ट्रेलर रिलीज, झूठ के फरेब में फंसी नायिका की कहानी छू लेगी आपका दिल



नई भोजपुरी मूवी 'परछावन' का ट्रेलर यूट्यूब पर छाया हुआ है। इसमें एक लड़की की कहानी दिखाई गई है, जिसे ससुराल जाकर झटका लगता है। उसे पता चलता है कि उसके सपने चकनाचूर हो गए हैं। वो उसे जोड़ने की कोशिश करती है, लेकिन हार जाती है। इसे अब तक हजारों लोग देख चुके हैं। रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित लीड रोल में हैं। कहानी एक ऐसी लड़की की है, जिसे ऐसा ससुराल चाहिए था, जो संयुक्त हो। देवर-देवरानी, जेठ-जेठानी, सास ससुर। पर शादी करके जब वो ससुराल पहुंचती है तो सच जानकर पैरों तले जमीन खिसक जाती है। भोजपुरी फिल्म 'परछावन' फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक लड़की को उसकी सहेलियां इसलिए चिढ़ाती हैं, क्योंकि उसके नाते-रिश्तेदार नहीं है। वो लड़की अपने मां-बाप से जिद करती हैं कि उसे रिश्तों से भरपूर ससुराल चाहिए। ऐसे ही ससुराल में उसकी शादी भी होती है। पर बाद में पता चलता है कि एक ही घर में रहने वाले रिश्तों में दरार है। वो उन्हें एक करने की पूरी कोशिश भी करती है, लेकिन आखिरी में कुछ ऐसा होता है, जिससे वो सबकुछ छोड़कर भाग जाती है। क्या वो वाकई में भागती है या फिर कुछ ऐसा कर जाती है कि सारे रिश्ते जुड़ जाते हैं! ये तो फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। इस मूवी में रितेश उपाध्याय और ऋचा दीक्षित के अलावा श्रद्धा नवल, मनोज टाइगर, विनोद मिश्रा श्वेता वर्मा, संगम राय, स्वीटी सिंह हैं।




2025 के फ़ैशन ट्रेंड में इक्लेक्टिक मिनिमलिज़्म को प्राथमिकता मिली है। डिजाइनर विक्टोरिया बेकहम ने मॉडल प्रादामैट जेलोनेक,एस्ट्रोप और डेनिएल वेंचुरेली को सादगी से भरे इस कलेक्शन के साथ उतारा है। यह बिल्कुल भी उबाऊ नहीं है। आप यह जानकर हैरान रह जाएँगे कि एक हाई-नेक जैकेट, लेयर्ड स्कर्ट या ड्रेप्ड टॉप आपके मौजूदा वॉर्डरोब को कितना बेहतर बना सकता है।

## साड़ी के साथ ऐसे करें ब्लाउज को स्टाइल

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।

सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल बहुत सी एक्ट्रेस के साड़ी डिजाइंस काफी चलन में है। कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस ऐसे हैं, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।

### ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस



तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

### स्लीवलेस ब्लाउज डिजाइन

इंडो-वेस्टर्न या मॉडर्न लुक लुक पाना चाहती हैं तो प्लेन साड़ी के साथ इस तरीके का स्लीवलेस ब्लाउज आप ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की नेकलाइन को आप साटन से लेकर शिफॉन जैसी कई लाइट वेट साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

## वेडिंग फंक्शन के लिए सिल्क साड़ी को बनाईए अपनी पसंद



साड़ी का फैशन हमेशा एवरग्रीन रहता है। इसे त्योहारों में शादी में हर कोई पहनना पसंद करता है। कई सारी महिलाएं ऐसी होती हैं कि जो रोजाना में भी इन्हें वियर करती हैं। लेकिन शादी के लिए कुछ अलग हटके साड़ी खरीदती हैं। इनको खरीदने का मकसद होता है। इस खास दिन पर सबसे अलग दिखना। ऐसे में आप सिल्क साड़ी के अलग-अलग ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें हर एक तरह के डिजाइन और फैब्रिक में साड़ी मिल जाएगी। इन साड़ी की खास बात ये होती है कि इन्हें स्टाइल करने से आपका लुक ही बदल जाएगा। आप एक रॉयल लुक में नजर आएंगी। इसलिए आप यहां बताए गए ऑप्शन वाली साड़ियों को इस शादी सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।



### बनारसी सिल्क साड़ी

वेडिंग सीजन की शॉपिंग करने के लिए आप मार्केट जा रही हैं तो इसके लिए आपको बनारसी सिल्क साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आपको हैवी वर्क साड़ी भी मिलेगी। जिसमें आप बड़ी बूटियों वाले डिजाइन वाली साड़ी या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी खरीद सकती हैं। इसमें आप रेड, ब्लू, पिंक और डबल शेड साड़ी खरीद सकती हैं। इसके साथ आप कट स्लीव्स ब्लाउज या फिर हाफ स्लीव्स ब्लाउज पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन आपको मार्केट में 2000 से 5000 के बीच मिल जाएगी।

### पश्मीना सिल्क साड़ी

सिल्क साड़ी में कई सारे डिजाइन आजकल मिल जाते हैं। लेकिन अगर आप अपनी दोस्त की शादी के लिए साड़ी सर्च कर रही हैं तो इसके लिए पश्मिना वर्क वाली साड़ी (शादी के लिए साड़ी डिजाइन) खरीद सकती हैं। इसमें आपको पूरी साड़ी में हैंड वर्क मिलेगा। इसमें आप सिंगल शेड वाली साड़ी भी खरीद सकती हैं और डबल या फिर चौड़े बॉर्डर वाली साड़ी ले सकती हैं। इसके साथ आप ब्लाउज डीप नेकलाइन वाली खरीद सकती हैं। मार्केट में ये साड़ी आपको 2000 से 3000 की रेंज में मिल जाएगी।

### जरी कोटा सिल्क साड़ी


जरी कोटा सिल्क साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में हैं। आप भी इन्हें वियर कर सकती हैं।

## साटन ब्लाउज सिलवाते समय न करें ये गलतियां, लुक हो जाएगा खराब

साड़ी हो या लहंगा और या तो फिर शरारा आउटफिट। लगभग सभी के साथ आजकल ब्लाउज को स्टाइल किया जा रहा है। इनमें साटन के ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। देखने में साटन का फैब्रिक बेहद क्लासी लुक देने में मदद करता है।

कई बारी हमें फैब्रिक की जानकारी कम होने के कारण ब्लाउज सिलवाते समय हम कई छोटी-बड़ी गलतियां कर देते हैं, जिसका असर हमें बाद में नजर आता है। अक्सर हमारे ब्लाउज की फिटिंग बार-बार करने से भी परफेक्ट लुक नहीं आ पाती है।

दरअसल ब्लाउज को सही फिटिंग देने के लिए आपको सबसे पहले अपनी बॉडी टाइप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को समझना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप कोशिश करें कि ब्लाउज के अंदर कप्स का इस्तेमाल जरूर ही करें। वहीं अगर आपकी ब्रेस्ट हैवी है तो कप्स के लिए पतले मटेरियल का इस्तेमाल करें। अक्सर हमारा साइज बढ़ता ओए घटता है, लेकिन अगर ब्लाउज के अंदर एक्स्ट्रा फैब्रिक यानी मार्जिन छोड़ा गया होगा तो आप आसानी



से उसके साइज को एडजस्ट कर सकती हैं।

इसके अलावा कई फैब्रिक पहली बारी धोने के बाद हल्के से बदल जाते हैं यानी की श्रिंक हो जाते हैं, जिसके कारण आपको इसे कैरी करने में परेशानी हो सकती है और इसी के कारण कपड़ा फट सकता है। इसके लिए आपको ब्लाउज बनवाते समय अंदर कम से कम 1 से 2 इंच का मार्जिन जरूर छोड़ना चाहिए।

## चेहरे पर डार्क स्पॉट कम करने अपनाएं ये टिप्स, जल्द दिखने लगेगा असर

काफी कोशिश करने के बाद भी अगर आपके चेहरे पर होने वाले दाग धब्बे कम नहीं हो रहे हैं तो इसके लिए आप एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई कर सकती हैं।इसके लिए जरूरत है आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीकों को ट्राई करने की। डॉ. आंचल जो की एक डर्मेटोलॉजिस्ट हैं उन्होंने अपनी इस वीडियो में बताया कि आप किस तरीके से डार्क स्पॉट को कम कर सकती हैं।

### स्किन को करें मॉइश्चराइज

अगर आपको डार्क स्पॉट से छुटकारा पाना है तो इसके लिए आप मॉइश्चराइजर लगाएं। अगर आप इसका इस्तेमाल अपनी स्किन पर रोजाना करेंगी तो आपको डार्क स्पॉट की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए आप चाहे तो घर पर रखी चीजों से भी स्किन को मॉइस्चराइज कर सकती हैं इसके लिए मलाई या फिर एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को कम करना है तो इसके लिए आप सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए



क्योंकि जब भी हम (चेहरे के दाग धब्बों के लिए इस्तेमाल करें मुल्तानी मिट्टी) धूप में निकलते हैं तो स्किन के डार्क स्पॉट ज्यादा नजर आते हैं। ऐसे में धूप की वजह से ये परेशानी ज्यादा न हो इसके लिए आपको सनस्क्रीन का इस्तेमाल धूप में निकलने से पहले जरूर करना चाहिए। इससे स्किन पर होने वाले डार्क स्पॉट को हील होने में मदद मिलती है।

### सीरम का करें स्किन पर इस्तेमाल

सीरम का इस्तेमाल अगर आप नहीं करती हैं तो डार्क स्पॉट की समस्या को दूर करने के लिए आप इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

## बिजनेस साइट

### विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स में मारुति सुजुकी की नई एसयूवी 'विक्टोरिस' का भव्य अनावरण




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में मारुति सुजुकी की नवीनतम एसयूवी 'विक्टोरिस' का भव्य लॉन्च विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स, विधानसभा रोड मोवा स्थित शोरूम में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रायपुर की महापौर मीनल चौबे रहीं, जिन्होंने विधिवत रूप से वाहन का अनावरण किया। लॉन्च कार्यक्रम में संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर यशवंत अग्रवाल ने बताया कि 'विक्टोरिस' को लेकर ग्राहकों में जबरदस्त उत्साह है और लॉन्च से पहले ही रायपुर शहर में इस मॉडल की 100 से अधिक बुकिंग हो चुकी हैं। उन्होंने इसे एसयूवी सेगमेंट में एक गेमचेंजर करार दिया। इस मौके पर विश्वभारती ऑटोमोबाइल्स की डायरेक्टर सारिका अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सीईओ मिस दिशा अग्रवाल तथा मारुति सुजुकी के एरिया मैनेजर आशिफ कादरी, अंकुर शर्मा, शफाक मैम और मनीष भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राहक, फाइनेंसर प्रतिनिधि और कंपनी के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### दिवाली की रोशनी में आंखों की सुरक्षा सबसे जरूरी : डॉ. कलमकर



रायपुर। दीवाली का त्योहार रोशनी और उल्लास का प्रतीक है, लेकिन जरा-सी लापरवाही आंखों की रोशनी छीन सकती है। श्री गणेश विनायक नेत्रालय रायपुर के निदेशक डॉ. चारुदत्त कलमकर ने त्योहार के दौरान आंखों की सुरक्षा को लेकर लोगों को सचेत किया है। डॉ. कलमकर ने बताया कि हर साल दीपावली पर सैकड़ों लोग पटाखों से आंखों में गंभीर चोट लेकर अस्पताल पहुंचते हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे और युवा होते हैं। कॉर्निया जलना, पलक फटना या स्थायी दृष्टिहानि जैसी जटिल स्थितियां आम हैं। उन्होंने सलाह दी कि पटाखे हमेशा जमीन पर रखकर जलाएं, बच्चों को अकेले न छोड़ें और सुरक्षा चश्मे का उपयोग करें। चोट लगने पर आंखों को न मलें और तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करें। डॉ. कलमकर ने कहा कि आंखें अनमोल हैं, थोड़ी-सी सावधानी जीवनभर की रोशनी बचा सकती है।

### कोलंबिया कॉलेज में 'जेंडर सेंसिटाइजेशन' पर राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन



**रायपुर।** कोलंबिया कॉलेज द्वारा 'अंडरस्टैंडिंग जेंडर सेंसिटाइजेशनः ए स्टेप टुवर्ड्स बिल्डिंग एन इंक्लूसिव सोसाइटी' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और शिक्षा में लैंगिक संवेदनशीलता की आवश्यकता को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे के स्वागत भाषण से हुई। जन प्रगति शिक्षा समिति के सचिव हरजीत सिंह हूरा ने भी अपने विचार रखे। वेबिनार में तीन सत्र आयोजित हुए। पहले सत्र में डॉ. प्रिया राव ने कानूनी प्रावधानों पर चर्चा की। दूसरे सत्र में डॉ. शिशिरकना भट्टाचार्य ने सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में डॉ. कल्पना मस्की ने शिक्षकों के दृष्टिकोण से जेंडर सेंसिटिव पेडागॉजी पर विचार साझा किए। वेबिनार में देशभर से शिक्षकों, विद्यार्थियों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। अंत में डॉ. आभा दुबे और डॉ. नीलम अरोड़ा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सीजेआई पर हमला न्याय व्यवस्था की आत्मा पर हमला

रायपुर। सामाजिक न्याय कार्यकर्ता व अधिवक्ता भगवानू नायक ने देश के सर्वोच्च न्यायालय में एक अधिवक्ता द्वारा मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर जूता फेंकने के घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं है, बल्कि भारत के संविधान, लोकतंत्र की मजबूत नींव और न्याय व्यवस्था पर हमला है। न्यायपालिका देश में न्याय की अंतिम आशा है और उसके प्रमुख के प्रति ऐसा घृणित व्यवहार किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सीजेआई द्वारा इस घटना को व्यक्तिगत रूप से न लेना और कार्यवाही से इंकार करना उनकी उदारता और न्याय व्यवस्था के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है, जो एक बड़े हृदय का परिचय है। श्री नायक ने इस घटना के पीछे की मानसिकता पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा इस बात पर भी ध्यान देना आवश्यक है कि सीजेआई श्री गवई दलित समुदाय से आते हैं। कहीं न कहीं समाज की एक सामंतवादी सोच इस बात को पचा नहीं पा रही है कि एक दलित समुदाय का व्यक्ति देश की सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन है। यह घटना उसी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है।